राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 240
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 25 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 केंद्र सरकार ने नोएडा मेट्रो विस्तार को दी मंजूरी
पेज 4 नकली दूतावास खोलने वाले हर्षवर्धन ने फ्रांस-लंदन में पढ़ाई की
पेज 6 विश्वकप के लिए नये सिरे से तैयारी करनी होगी : हरमनप्रीत कौर

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिकेटर यश दयाल पर दूसरी बार रेप केस

जयपुर। जयपुर में रहने वाली लड़की ने यहां के सांगानेर सदर थाने में क्रिकेटर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि यश ने क्रिकेट में करियर बनाने का झांसा देकर और इमोशनल ब्लैकमेल करके उसके साथ दो साल तक रेप किया। इससे पहले 8 जुलाई को यूपी के गाजियाबाद की एक लड़की ने भी यश पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया था। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से यश को गिरफ्तारी से राहत मिली थी। एसएचओ अनिल जैमन ने बताया कि जयपुर की लड़की क्रिकेट खेलने के दौरान यश दयाल के संपर्क में आई थी।

### भारत में यूके की व्हिस्की-कारें सस्ती होंगी

**नई दिल्ली।** भारत में यूके की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर सस्ते होंगे। आज 24 जुलाई को भारत और यूके ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन किया। 2022 से इस पर बातचीत चल रही थी। अब भारत के 99 प्रतिशत सामानों को यूके में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं यूके के 99 प्रतिशत सामान 3 प्रतिशत एवरेज टैरिफ पर आयात होंगे। इससे 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और उनके यूके समकक्ष कीर स्टार्मर की उपस्थिति में इस समझौते पर साइन किए।



## हैप्पी मॉर्निंग

एक पंडित जी ने पप्पू से कहा- 500 रुपये निकाल बच्चा तेरा भाग्य खुलने वाला है पप्पू- वो कैसे पंडित जी? पंडित जी- एक करोड़पति बाप की बेटी से तेरी शादी होने वाली है पप्पू- पंडित जी 500 की जगह 1000 रुपये ले लिजिए पर ये बताओ घर में दो बच्चे और बीवी है, उनका क्या करूं?



## शायरी

नैनों में था रास्ता, हृदय में था गांव
हुई न पूरी यात्रा, छलनी हो गए पांव

## अर्थसार

संसेक्स:
82,184.17
-542.47 (0.66%)
निफ्टी:
25,062.10
-157.80



## मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 40
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 17

# हिमाचल में लैंडस्लाइड, 345 सड़कें बंद, अब तक 137 की मौत

### 34 लापता; पश्चिम बंगाल के बांकुरा-पूर्व बर्धमान में बिजली गिरने से 13 की मौत



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने गुरुवार को आठ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र में रेड, जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, पिछले 24 घंटों में दिल्ली, गोवा, तेलंगाना सहित 6 राज्यों में सबसे ज्यादा बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड से दो नेशनल हाईवे समेत कुल 385 सड़कें बंद हैं। राज्य में 22 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से, अब तक 137 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लापता हैं। इस दौरान 1382 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति भी नष्ट हो चुकी है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बांकुरा और पूर्व बर्धमान जिलों में बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। उधर हरियाणा में अलग-अलग जगहों पर नहरों में चार लाशें मिलीं। दिल्ली-एनसीआर में बीते दिन लगातार बारिश से सड़कों पर तीन फीट तक पानी भर गया। नोएडा में 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बिहार में कोसी नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

देर रात कोसी बराज के 26 गेट खोले गए और करीब 1.73 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

#### महाकुंभ में 95 करोड़ में बना गंगा पथ बहा

महाकुंभ में 95 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया गंगा पथ बाढ़ में बह गया। यह सड़क फाफामऊ से संगम तक जाती थी। सड़क के किनारे सुरक्षा दीवार भी बनाई गई थी। बाढ़ से निपटने के लिए पत्थरों को स्टील वायर के जाल से बांधकर यह दीवार बनाई गई थी। सड़क के साथ पत्थरों का यह जाल भी बह गया।

#### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में लैंडस्लाइड की चेतावनी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश की वजह से कई घर तबाह हो गए। पीड़ित मोहम्मद शरीफ ने बताया कि हम पहले ही आधे परिवार को यहां से हटा चुके थे। हम प्रशासन से मदद की अपील करते हैं ताकि कहीं और अपना घर बना सकें। इलाके में लैंडस्लाइड की चेतावनी जारी की गई है।

## कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत

**बैंकॉक / नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच आज सुबह सीमा पर गोलाबारी हुई है। कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 14 घायल हैं। थाईलैंड ने जवाब में कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है। कंबोडिया के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाई सैनिकों ने सुबह गोलीबारी की, जबकि थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने पहले ड्रोन से हमला किया और फिर तोप और लंबी दूरी के बीएम 21 रॉकेटों से हमला किया। हमले को देखते हुए थाईलैंड ने बॉर्डर पर एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किया है। इस साल 28 मई को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद जारी है। इसी विवाद की वजह से इंडोनेशिया की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा को भी पद से हटाया गया था।

## रूसी प्लेन चीन सीमा के पास क्रैश

# 49 लोगों की मौत

### कुछ घंटे पहले कंट्रोल रूम से संपर्क टूटा था

एजेंसी



**मास्को।** रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है।

रॉयटर्स के मुताबिक ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है।

लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।

#### दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में गायब

इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया।

तास समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया।

टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है।

## विरोध में प्रदर्शन




कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा अन्य विपक्षी सांसदों के साथ नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में प्रदर्शन करती हुईं।




राजद नेता राबड़ी देवी पार्टी समर्थकों के साथ पटना में राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करती हुईं।

# ट्रम्प बोले- अमेरिकी कंपनियां भारतीयों की भर्ती रोकें

### अमेरिकियों को पहले नौकरी दें; कहा- आजादी का फायदा उठाकर चीन में फैक्ट्रियां लगा रहीं



वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका की गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक कंपनियों को भारत में हायरिंग रोकने को कहा है। ट्रम्प ने कल वॉशिंगटन डीसी में आयोजित एआई समिट में कहा अमेरिका की सबसे बड़ी टेक कंपनियां हमारी आजादी का लाभ उठाती हैं, लेकिन फैक्ट्रियां चीन में लगाती हैं और भारत से लोग भर्ती करती हैं।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां अमेरिकी वर्कर्स को प्राथमिकता दें, यही देश हित में है।

ट्रम्प ने टेक कंपनियों के ग्लोबलिस्ट माइंडसेट की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिकियों को सबसे पहले नौकरी मिलनी चाहिए।

ट्रम्प के मुताबिक विदेशों में फैक्ट्री और कर्मचारियों पर पैसा लगाकर कंपनियां अमेरिकी टैलेंट के हक को मार रही हैं। भारत का आईटी सेक्टर इस बयान से प्रभावित हो सकता है। भारत में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य टेक कंपनियों के लाखों कर्मचारी हैं। ये कंपनियां बेंगलुरु, हैदराबाद, और पुणे जैसे शहरों में बड़े ऑफिस चलाती हैं।

इसके अलावा 2023 में यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज के मुताबिक, 72 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारतीयों को मिले, जो ज्यादातर डेटा साइंस, एआई, और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में हैं। ट्रम्प की नीति से एच-1बी वीजा नियम और सख्त हो सकते हैं, जिससे भारतीय टेक प्रोफेशनल्स को अमेरिका में नौकरी मिलना मुश्किल होगा।

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी की छापेमारी

### सामने आया स्पष्टीकरण; 3000 करोड़ रुपये के लोन फ्रॉड का है मामला

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े करीब 50 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों एवं यस बैंक से जुड़े करीब 3000 करोड़ रुपयों के बैंक धोखाधड़ी मामले में की गई है। इस छापेमारी को लेकर अनिल अंबानी समूह की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया है कि जिन रिपोर्टों को लेकर ईडी की कार्रवाई की जा रही है, वह रिलायंस होम फाइनेंस से जुड़े आठ वर्ष से ज्यादा पुराने लेनदेने से संबंधित प्रतीत होती हैं। ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों पर जिन शिकायतों के आधार पर छापेमारी की हैं, वे अंबानी समूह की कंपनियों द्वारा लोन के दुरुपयोग, रिश्वतखोरी और सार्वजनिक संस्थाओं के साथ



धोखाधड़ी से संबंधित हैं।

#### ईडी ने क्यों की कार्रवाई?

ये कॉर्पोरेट लोन 2017-18 में 3,742.60 करोड़ रुपयों से बढ़कर 2018-19 में 8,670.80 करोड़ रुपए हो गए थे। अब ईडी इस बात की जांच कर रही है कि कहीं ये उछाल किसी लोन डायवर्जन योजना से तो नहीं जुड़ा था। बता दें कि ईडी की यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और उसके प्रमोटर अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किए जाने के बाद शुरू हुई है। गुरुवार को हुई ईडी की छापेमारी पर रिलायंस समूह द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण में कहा गया है कि प्रमोटर की कुछ निजी कंपनियों को यस बैंक द्वारा दिए गए ऋण उन कंपनियों की योग्यता के आधार पर स्वीकृत किए गए थे।

#### की गई थी 3000 करोड़ की हेराफेरी

सूत्रों का कहना है कि ईडी को प्राप्त हुई जानकारियां नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, बैंक आफ बड़ौदा आदि से प्राप्त हुई थीं। ईडी को पता चला है कि अनिल अंबानी समूह से जुड़ी कंपनियां सार्वजनिक धन की हेराफेरी एवं वित्तीय संस्थानों को गुमराह करने की योजना में शामिल थीं। कहा जा रहा है कि इसमें 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से करीब 3000 करोड़ रुपयों के ऋण की कथित तौर पर हेराफेरी की गई थी। इस हेराफेरी की कड़ी में कई मामलों में औपरचारिक मंजूरी मिलने से पहले ही ऋण वितरित कर दिया गया और बैंक में आवेदन जमा होने के दिन ही राशि भी जारी कर दी गई। इनमें ऋण पानेवाली कुछ कंपनियों की तो वित्तीय स्थिति भी कमजोर थी और उनके पास उचित दस्तावेजों की भी कमी थी।

# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट-सुप्रीम कोर्ट की हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

### 3 दिन पहले 12 आरोपी बरी हुए; सुप्रीम कोर्ट बोला- फिलहाल दोबारा जेल भेजना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था।

महाराष्ट्र सरकार ने इस फैसले के खिलाफ 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से आरोपियों की जेल से रिहाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ट्रेन ब्लास्ट केस में 13 लोग आरोपी थे। 12 सभी रिहा हो गए हैं। एक आरोपी की मौत हो गई है।

#### 19 साल पहले सीरियल ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे

11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।



# हिमाचल में यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी : 8 लोगों की मौत

### 21 घायल; मरने वालों में 4 महिलाएं; न्यायिक जांच के निर्देश

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में आज (गुरुवार) सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। एसपी मंडी ने इसकी पुष्टि की है।

मृतकों में 4 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। घायलों को स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से खाई से निकालकर सरकाघाट अस्पताल पहुंचाया गया। चार घायल अभी भी सरकाघाट अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 17 घायलों को नेरचौक मेडिकल कॉलेज और एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है।



बताया जा रहा है कि एचपी-28-ए-3717 नंबर बस गुरुवार सुबह करीब 9 बजे सरकाघाट से दुर्गापुर जा रही थी और करीब पौने 10 बजे सरकाघाट-जमनी-दुर्गापुर सड़क पर मसेरन तालगरा के पास अचानक बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई। बस में ड्राइवर कंडक्टर समेत कुल 29 यात्री सवार थे।

## आंकड़ा

### ट्रैक पार करने और चलती ट्रेन से गिरना मुख्य वजह; 10 साल में 26500 मौतें

# मुंबई लोकल में 2024 में 2,282 लोगों की मौत हुई

**मुंबई।** मुंबई की लोकल ट्रेन नेटवर्क पर साल 2024 में 2,282 लोगों की मौत हुई है। ये मौतें ट्रैक पार करने, खंभे से टकराने, चलती ट्रेन से गिरने और प्लेटफॉर्म गैप में फंसने जैसी घटनाओं की वजह से हुईं। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में दी।

यह आंकड़े कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल के पूछे गए सवाल के जवाब में दिए गए। शशिकांत ने भीड़भाड़ और सुरक्षा के मुद्दे उठाए थे।

**रेल मंत्री ने कहा;**-कानून-व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। ऐसे मामलों में जीआरपी (रेलवे पुलिस) और जिले की पुलिस काम करती हैं, जबकि रेलवे की सुरक्षा टीम यानी आरपीएफ उनकी मदद करती है।



#### मुंबई में सबसे ज्यादा 1,408 लोगों की मौत

रेल मंत्री ने बताया कि 2024 में सबसे ज्यादा 1,408 लोगों की मौत मुंबई में हुई। ठाणे में 615, नवी मुंबई में 131 और रायगढ़ में 128 लोगों की जान गई। मुंब्रा स्टेशन के पास हुई एक हाल की दुर्घटना की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए एसी लोकल ट्रेनें शुरू की गई हैं, जिनके दरवाजे चलती ट्रेन में बंद रहते हैं और स्टेशन पर ही खुलते हैं, जिससे हादसे कम होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाना लगातार चलने वाली प्रक्रिया है, जो जरूरत और उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करती है।

#### मुंबई में 10 साल में 26500 से ज्यादा मौतें

मुंबई में रेलवे ट्रैक पर पिछले 10 सालों में 26,500 से ज्यादा लोगों की जान गई। आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, जनवरी 2015 से मई 2025 के बीच मुंबई स्थित रेलवे ट्रैक पर कुल 26,547 लोगों की मौत हुई है। ये मौतें सेंट्रल रेलवे और वेस्टर्न रेलवे के उपनगरीय नेटवर्क पर हुईं। रेलवे ट्रैक पार करने की वजह से सबसे ज्यादा लोगों की जान गई, जिनकी संख्या 14,175 रही।

#### लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक डोर लगाएगा रेलवे रेलवे

बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि सरकार ने मुंबई सबअर्बन एरिया के लिए बनाई जा रही सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक दरवाजा बंद करने की सुविधा देने का फैसला किया है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
शुक्रवार 25 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## भूखमरी : एक वैश्विक त्रासदी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भूखमरी एक ऐसी वैश्विक समस्या है जो मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। यह न केवल एक शारीरिक पीड़ा है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है जो लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के अनुसार, 2023 में लगभग 82.8 करोड़ लोग भूखमरी और कुपोषण का सामना कर रहे थे। यह आंकड़ा न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह मानव सभ्यता के लिए एक गहरे आत्ममंथन का आह्वान करता है।

### भूखमरी के कारण

भूखमरी के कई कारण हैं, जो एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। सबसे प्रमुख कारणों में गरीबी, युद्ध और संघर्ष, जलवायु परिवर्तन, और असमान खाद्य वितरण शामिल हैं। गरीबी भूखमरी का मूल आधार है, क्योंकि कम आय वाले परिवारों के पास पर्याप्त भोजन खरीदने की क्षमता नहीं होती। युद्ध और हिंसा खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करते हैं, जिससे लोग भोजन तक पहुंचने में असमर्थ हो जाते हैं। जलवायु परिवर्तन ने सूखा, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ावा दिया है, जो कृषि उत्पादन को नष्ट करते हैं। इसके अलावा, खाद्य संसाधनों का असमान वितरण भी एक बड़ा कारण है, जहां कुछ क्षेत्रों में भोजन की बर्बादी होती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में लोग भूखे मर रहे हैं।

### भूखमरी का प्रभाव

भूखमरी का प्रभाव केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। कुपोषण के कारण बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है, जिससे उनकी शिक्षा और भविष्य की संभावनाएं प्रभावित होती हैं। भूखमरी सामाजिक अस्थिरता को भी जन्म देती है, क्योंकि भोजन की कमी से सामाजिक तनाव, हिंसा और प्रवास बढ़ता है। इसके अलावा, यह स्वास्थ्य प्रणालियों पर भी दबाव डालती है, क्योंकि कुपोषित लोग बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

### वैश्विक और स्थानीय प्रयास

भूखमरी से निपटने के लिए वैश्विक और स्थानीय स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य (SDG) नंबर 2, शून्य भूख, 2030 तक भूखमरी को समाप्त करने का लक्ष्य रखता है। विभिन्न देशों की सरकारें, गैर-सरकारी संगठन (NGOs), और अंतरराष्ट्रीय संगठन खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। भारत में, मिड-डे मील योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) जैसे कार्यक्रम कुपोषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, नीतिगत कमियां और कार्यान्वयन में चुनौतियां बाधा बन रही हैं।

### समाधान की दिशा में कदम

भूखमरी को समाप्त करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले, कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित करना होगा। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों का उपयोग आवश्यक है। दूसरा, खाद्य वितरण प्रणाली को मजबूत करना होगा ताकि भोजन सभी तक पहुंचे। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से लोगों को पोषण के महत्व के बारे में शिक्षित करना भी जरूरी है। इसके अलावा, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियां भूखमरी को कम करने में सहायक हो सकती हैं।

### निष्कर्ष

भूखमरी केवल एक समस्या नहीं, बल्कि मानवता के सामने एक नैतिक चुनौती है। यह एक ऐसी त्रासदी है जिसे केवल सामूहिक प्रयासों से ही समाप्त किया जा सकता है। सरकारों, संगठनों और व्यक्तियों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा ताकि हर व्यक्ति को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिल सके। जब तक हम भूखमरी को समाप्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाते, तब तक एक समावेशी और समृद्ध विश्व का सपना अधूरा रहेगा।


## 22 हजार करोड़ का साइबर फ्राड!

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी के पिछले वर्ष छत्तीस लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए। सख्ती और जागरूकता के दावों के बावजूद साइबर धोखाधड़ी रुक नहीं रही, तो आखिर इसकी वजह क्या है? हर वर्ष लाखों शिकायतें दर्ज होती हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर मामलों में गंभीरता दिखाई नहीं देती। देश के भीतर और अन्य देशों में बैठे शातिर अपराधी बड़ी चतुराई से नागरिकों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। साइबर अपराध के इतने स्वरूप हैं कि लोग उन्हें समझ नहीं पाते और जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं। आज साइबर अपराधी हर वर्ष करोड़ों रुपए की चपत लगा रहे हैं और जांच एजंसियां उन तक पहुंच नहीं पा रहीं।
नतीजा यह कि अपराधी किसी न किसी रूप से लालच देकर या डरा-धमका कर नागरिकों को अपना शिकार बनाते रहते हैं। इसी का परिणाम है कि पिछले वर्ष 22 हजार 845 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी हुई है। जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 7,465 करोड़ रुपए था। लोकसभा में गृह राज्यमंत्री की ओर से दी गई इस जानकारी ने चिंता बढ़ा दी हैं। इससे पता चलता है कि पुलिस तंत्र साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है।
आखिर क्या कारण है कि आज के तकनीकी दौर में भी सुरक्षा एजंसियां साइबर धोखेबाजों तक नहीं पहुंच पा रही हैं? हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से साइबर अपराध से तत्काल और सख्ती से निपटने के दावे किए जाते हैं, बावजूद इसके दर्ज होने वाले मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी के पिछले वर्ष छत्तीस लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए।
अपराधियों के संजाल को खत्म करने की कोशिशों के बीच ये आंकड़े साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि अगर अपराधी बेखौफ साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं, तो क्या यह पुलिस जांच व्यवस्था की खामी नहीं है? जरूरी है कि आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर व्यवस्था में सुधार किया जाए और अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए। साथ ही आम नागरिकों को भी व्यापक स्तर पर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे साइबर अपराध की जद में आने से बच सकें।




# भूखमरी है विकास के विरोधाभासी स्वरूप की भयावह तस्वीर

-ललित गर्ग-



विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की हालिया रिपोर्ट ने एक बार फिर वैश्विक समुदाय को चेताया है कि धरती पर करोड़ों लोग आज भी भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा के शिकंजे में जकड़े हुए हैं। यह रिपोर्ट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि एक वैश्विक त्रासदी की दास्तान है, जो यह सोचने पर मजबूर करती है कि इक्कीसवीं सदी के इस तथाकथित 'विकसित' दौर में भी हम उस प्राथमिक आवश्यकता-भोजन को सुनिश्चित नहीं कर सके हैं, जो किसी भी आदर्श शासन-व्यवस्था एवं सभ्यता की बुनियादी कसौटी है। एफएओ के अनुसार, दुनिया भर में 70 करोड़ से अधिक लोग गंभीर भूख का शिकार हैं, जबकि करीब 2 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं। अफ्रीका, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में हालात और भी बदतर हैं। बच्चों में कुपोषण और स्टंटिंग (विकास अवरोध) की दरें चिंताजनक हैं।

समूची दुनिया में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे से लेकर प्रौद्योगिकी के विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई जैसी तकनीक की नई-नई मिसाल कायम की जा रही हैं। किसी अन्य ग्रह पर जीवन की खोज करने या फिर भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, क्या वास्तव में विकास का पैमाना यही है? विकास की इस धारा में इंसान एवं इंसान की मूलभूत जरूरतें कहां है? यह कैसा विकास है कि जिसमें विसंगतियां एवं विरोधाभास ही अधिक है। एक तरफ विभिन्न देश तकनीक के सहारे खुद के ताकतवर एवं साधन संपन्न होने का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर दुनिया में करोड़ों लोग भुखमरी, बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। बढ़ती भूखमरी एवं कुपोषण आधुनिक विकास पर एक बदनुमा दाग है। इस वैश्विक संकट की जड़ में केवल खाद्यान्न की कमी नहीं, बल्कि युद्ध, आंतरिक संघर्ष, आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता जैसी स्थितियां गहराई से जिम्मेदार हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते गेहूं, तेल, उर्वरक और अन्य खाद्य सामग्री की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है। अफगानिस्तान, सीरिया, सूडान, यमन और सोमालिया जैसे देशों में वर्षों से चल रहे युद्धों ने लाखों लोगों को बेघर, बेरोजगार और भूखा बना दिया है। अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में आंतरिक संघर्ष और जलवायु आपदाएं खाद्य संकट को और विकराल बना रही हैं। भुखमरी के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं, लेकिन दो देशों के बीच युद्ध और आंतरिक संघर्ष प्रमुख है। इन दो कारणों से ही बीस देशों में करीब 14 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। जाहिर है, लगातार जारी युद्धों, अंतरराष्ट्रीय संघर्षों एवं आतंकवाद की वजह से हालात और ज्यादा बदतर हो रहे हैं। युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत के तौर पर खाद्य सामग्री पहुंचाने में भी तरह-तरह की अड़चनों की खबरें भी आती रहती हैं। इस तरह के प्रयास वास्तव में मानवीय संवेदनाओं के दम तोड़ देने द्योतक हैं।

जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखा, चक्रवात और असामयिक वर्षा जैसे कारक कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रहे हैं। भारत, नेपाल, पाकिस्तान, जैसे देशों के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मानसून के दौरान होने वाली आपदाएं किसानों की मेहनत को तबाह कर देती हैं। इससे खाद्यान्न उत्पादन घटता है, महंगाई बढ़ती है और आम आदमी की थाली सूखने लगती है। संसाधनों के अभाव और संकटग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की डगर जटिल से जटिलतर हो गई है। रपट में सामने आया है कि 2024 में लगातार छठे वर्ष दुनिया में गंभीर खाद्य संकट और बच्चों में कुपोषण बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 53 देशों या क्षेत्रों के 29.5 करोड़ लोग गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा वर्ष 2023 के मुकाबले 1.37 करोड़ अधिक है। यानी सुधार के बजाय स्थिति पहले से कहीं अधिक खराब हो गई है।

आधुनिक विकास के प्रारूप पर चिन्तन करना होगा। यह विचारणीय प्रश्न है कि विकास के इस प्रारूप में बड़े-बड़े मॉल बन रहे हैं, शहरों में चमचमाती इमारतें खड़ी हो रही हैं, तकनीक और एआई की बात हो रही है, लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में लोग दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भुखमरी बढ़ रही है, कुपोषण आम होता जा रहा है, बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने गरीब की थाली से दाल-सब्जी गायब कर दी है। विकास का यह विरोधाभासी चेहरा दिखाता है कि संसाधनों का वितरण असमान है और नीतियां गरीबों की भूख मिटाने की बजाय अमीरों की संपत्ति बढ़ाने में लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजीएस) में 2030 तक 'भूखमुक्त विश्व' का सपना देखा गया था, लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि हम इस लक्ष्य से दूर होते जा रहे हैं। गरीब देशों को खाद्य सहायता की आवश्यकता है, लेकिन विकसित राष्ट्र अपने राजनीतिक एवं आर्थिक स्वार्थों में उलझे हुए हैं। कृषि को प्राथमिकता देने के बजाय, हम स्मार्ट सिटी, हाईवे और बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट में संसाधन झोंक रहे हैं।


महंगाई और बेरोजगारी से उपजी विकट आर्थिक स्थितियां भी भुखमरी के लिए जिम्मेदार हैं। रपट में कहा गया है कि इन दोनों कारणों से पंद्रह देशों में 5.94 करोड़ लोगों का जीवन संकट में है। इसके अलावा, सूखा और बाढ़ ने 18 देशों में 9.6 करोड़ लोगों को खाद्य संकट में धकेल दिया है। अधिक चिन्ताजनक यह है कि इन लोगों को खाद्य एवं पोषण सहायता के लिए मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मदद में भी भारी गिरावट आई है। ऐसा लगता है कि वैश्विक मदद और राजनीतिक इच्छाशक्ति की सांसें धीरे-धीरे उखड़ रही हैं। ऐसे में जबरन विस्थापन भुखमरी के संकट को और बढ़ा रहा है।

इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। इन प्रयत्नों में सबसे जरूरी है कि स्थायी कृषि नीति बनानी होगी जिसमें जल संरक्षण, जैविक खेती और छोटे किसानों की सुरक्षा पर बल दिया जाए। युद्ध और संघर्षों का समाधान कूटनीति और संवाद से निकाला जाए, क्योंकि सबसे बड़ी कीमत आम जनता चुकाती है। भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार की तरह लागू किया जाए, और सभी देश एक वैश्विक खाद्य भंडारण व वितरण प्रणाली विकसित करें। गरीबी उन्मूलन पर ठोस योजनाएं बने, ताकि लोग आत्मनिर्भर बनें और भीख या राहत पर निर्भर न रहें। महंगाई पर नियंत्रण, और गरीबों को सब्सिडी आधारित खाद्यान्न व्यवस्था को और मजबूत करना होगा।

एफएओ की रिपोर्ट में एक और भयावह तस्वीर सामने आती है कि दुनिया भर में उनतीस करोड़ से अधिक लोग ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का भोजन जुटा पाना भी मुश्किल है। साफ है कि समाज का सबसे कमजोर तबका आज भी संघर्ष, महंगाई, प्राकृतिक आपदा और जबरन विस्थापन जैसी समस्याओं के चक्रव्यूह में कैद है। यदि हमने समय रहते भूख, गरीबी और खाद्य असुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, तो हम विकास के उस नक्शे पर एक गहरा धब्बा छोड़ेंगे, जिसमें ऊंची इमारतें तो होंगी लेकिन उनके नीचे भूख से दम तोड़ते इंसान भी होंगे। 'एक रोटी की कीमत तब समझ आती है, जब भूख कई रातों से जाग रही हो'-इसलिये अब समय है कि हम विकास के मायने बदलें ताकि हर थाली में भोजन हो, हर बच्चा कुपोषण से मुक्त हो, और भूख इतिहास की बात बन जाए, वर्तमान की नहीं। विकास की इक्कीसवीं सदी में भी अगर भुखमरी, कुपोषण एवं खाद्य संकट की समस्या विकराल होती जा रही है, तो यह व्यवस्था के साथ-साथ मानवता के लिए भी खतरे की घंटी है। इस समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि संकटग्रस्त इलाकों में स्थानीय खाद्य प्रणालियों और पोषण सेवाओं में निवेश पर जोर दिया जाए। समय आ गया है कि विभिन्न देशों की सरकारें जनकल्याण की योजनाओं की व्यापक समीक्षा करें और भुखमरी को दूर करने के लिए उचित एवं प्रभावी उपाय किए जाएं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3600




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3599 का हल



## हंसी के फूव्वारें

क्या तुम मुझसे प्रेम करते हो?
इसमें भी कोई सन्देह है.
'तो क्या तुम मेरे लिए मर भी सकते हो?'
'नहीं प्रिय यह मेरा अमर प्रेम है.'

□ □ □

एक कुंवारी और कुंवारा घूम रहे थे कि तभी कुंवारी को जोर से खांसी आ गई, कुंवारा बोला-प्रिय तुम्हारे गले के लिए कुछ ले लूं क्या?
हां, वह मोतियों का हार जो सामने की दुकान पर है, कुंवारी बोली.

□ □ □

भगवान से सबकी रक्षा की विनती कर चुकने पर छोटे से मोहन ने कहा-मेहरबानी करके अपनी रक्षा भी करना यदि तुम्हें कुछ हो गया तो हमारा तो नाश हो जायेगा.

□ □ □


मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे कब तक कड़वी दवा खानी पड़ेगी?
डॉक्टर: जब तक मेरा बिल अदा न कर दोगे.

□ □ □

टिकटचेकर: बच्चा, टिकट दिखाओ.
साधु: हम तो साधु हैं, हमें टिकटों से क्या लेना-देना.
टिकटचेकर: तो क्या जिन्होंने टिकट ले रखे हैं वे सब क्या चोर-उचक्के हैं?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3600



### बायें से दायें:-

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3599



## सूडोकु -3600


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3599 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## शब्द पहेली - 3600



### बाएँ से दाएँ

1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

### ऊपर से नीचे

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली - 3599 का हल



# केंद्र सरकार ने नोएडा मेट्रो विस्तार को दी मंजूरी

## ग्रेटरनोएडा डिपो से बोडाकी तक बनेगी नई लाइन, 416 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो की ग्रेटरनोएडा डीपो से लेकर बोडाकी तक प्रस्तावित योजना को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) से हरी झंडी मिल गई है। इससे संबंधित पत्र भी एनएमआरसी को मिल गया। ये एक्सटेंशन लाइन है जिसे ग्रेटरनोएडा डिपो से बोडाकी तक बढ़ाया जाएगा। बोडाकी में एमएमटीएच बन रहा है। मेट्रो भी इसका एक हिस्सा होगी। इस विस्तार में दो मेट्रो स्टेशन होंगे।

नोएडा मेट्रो के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि विगत 26 मई को महुआ के सामने ग्रेटरनोएडा डिपो से लेकर बोडाकी तक प्रस्तावित मेट्रो का प्रजेंटेशन किया गया था। जिस पर सहमति बन गई थी। वहां से मंजूरी पत्र मिल गया है। इसके बाद बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 एक्सटेंशन लाइन की तैयारी है। जिसके लिए भी जल्द प्रजेंटेशन किया जाएगा। इन परियोजना पर लगी सभी क्वारी को भी समाप्त कर दिया गया है।

### ग्रेटरनोएडा डीपो से बोडाकी रुट, तीन साल होगा तैयार

एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। बोडाकी में एमएमटीच बन रहा है। यहां रेवले टर्मिनल, बस स्टैंड आदि होंगे। इसलिए यहां से मुसाफिरों की संख्या काफी ज्यादा होगी।



इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416.34 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। ये लाइन स्टैंडर्ड गेज (1435 एमएम) की होगी। इसे बनाने के लिए 3 साल की डेड लाइन तय की गई है।

मेट्रो के इस विस्तार पर करीब 416 करोड़ रुपए खर्च होने है। इसमें गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इक्विटी 20 प्रतिशत करीब 70.59 करोड़ होगी। उप्र प्रदेश सरकार 24 प्रतिशत यानी 91.08 करोड़ और करीब 60 प्रतिशत यानी 211.80 करोड़ डोमेस्टिक लोन और पीपीपी कंपोनेंट और लैंड कास्ट करीब 10.44 करोड़ की होगी। इस तरह ये योजना को पूरा किया जाएगा।

### बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो

नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक का 11.56 किमी का मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को प्रदेश कैबिनेट से अप्रूवल के बाद केंद्र को भेजा गया है। वहां से इसी प्रजेंटेशन के बाद अप्रूवल मिल सकता है। ये रूट पांच साल में बनकर तैयार होगा। रोजाना करीब 1 से 1.25 लाख लोग इस लिंक लाइन का प्रयोग करेंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इस मेट्रो कॉरिडोर पर बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है।

# नोएडा प्राधिकरण को साफ्टवेयर से मिलेगी केस डेट की जानकारी

## सुप्रीम और हाइकोर्ट के केस को किया जाएगा अपलोड, तीन दिन पहले मिलेगा अलर्ट

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण विभिन्न अदालतों में चल रहे केस को लेकर सजग हो गया है।

वो एक ऐसा साफ्टवेयर डेवलप कर रहा है जिससे तारीख के तीन दिन पहले ही प्राधिकरण के अधीनस्थ अधिकारियों को अलर्ट मिल जाएगा। जिससे केस की पैरवी करने और समय से कोर्ट उपस्थित होने में दिक्कत नहीं होगी। दरअसल नोएडा में लैंड, कामर्शियल, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री के तमाम मामले अदालतों में चल रहे है। इसमें सबसे ज्यादा मामले लैंड विभाग से है।

### इसी महीने तैयार होगा साफ्टवेयर

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इसके लिए कंपनी ने प्रजेंटेशन किया था। जिसमें कुछ संशोधन के बाद इस साफ्टवेयर को डेवलेप किया जाएगा। ये साफ्टवेयर इसी महीने में तैयार होगा। जिसमें



### कंटेम्प्ट से बचा जा सकेगा

प्राधिकरण सीईओ ने बताया इस साफ्टवेयर तकनीक से हम कंटेम्प्ट के मामलों से बच सकेंगे। समय पर पैरवी के लिए पूरी तैयारी कर सकेंगे। वकीलों के साथ समनव्य बना सकेंगे। इसमें वकीलों का रिकार्ड भी मेनटेन किया जा सकेगा। पहले फेज में इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट में चल रहे केस की जानकारी को अपलोड किया जाएगा। इसके बाद एनसीएलटी, एनएलएटी और एनजीटी के मामलों को भी अपलोड किया जाएगा।

अदालत में चल रहे केस की जानकारी को फीड किया जाएगा। एक बार केस की जानकारी फीड होने पर समय पर जानकारी मिलेगी। साथ ही जिस दिन केस पर सुनवाई होगी उससे तीन पहले जानकारी मिलेगी। केस दर केस जानकारी को इसमें अपडेट भी किया जाएगा।

### ऋण न चुकान पर दंपति को फोन पर धमकाया

**नोएडा।** दिल्ली के बैंक से महज एक लाख रुपये का ऑनलाइन व्यक्तिगत ऋण लेना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। शरारती तत्व ने खुद को बैंककर्मी बताकर दंपति को फोन पर धमकाया और अश्लील बात की। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव निवासी सरिता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति अजय कुमार ने वर्ष 2024 में दिल्ली स्थित बैंक से एक लाख पांच हजार रुपये का व्यक्तिगत ऋण ऑनलाइन लिया था। वह लगातार किस्त चुका रहे थे। 31 मई 2025 की दोपहर उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। उसने ऋण चुकाने लिए अश्लील भाषा का इस्तेमाल कर गाली-गलौज की। पीड़िता ने पति को कॉन्फ्रेंस पर लेकर उस व्यक्ति से बात कराई तो उसने आपत्तिजनक बात की। पीड़िता ने उस फोन कॉल का दूसरे मोबाइल से वीडियो बना लिया और ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद पीड़िता के पति ने संबंधित बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर कॉल की तो उन्होंने कॉल को फर्जी बताया।

# नोएडा में इंजीनियर महिला ने किया सुसाइड

**भाई ने पति सास, ससुर समेत 4 के खिलाफ दी शिकायत, घरेलू क्लेश बनी वजह**

**नोएडा।** सेक्टर 74 स्थित आइवी काउंटी सोसायटी में रहने वाली एक आईटी इंजीनियर महिला की बुधवार रात सुसाइड कर लिया। महिला के भाई ने पति, सास-ससुर समेत चार के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया है। चारों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस मौत के कारणों का पता करने में जुटी है।

### फरवरी 2023 में की थी शादी

गाजियाबाद नेहरू नगर के अनमोल गोयल की बड़ी बहन दीपिका गोयल की शादी फरवरी 2023 में नोएडा सेक्टर 74 के आइवी काउंटी सोसायटी में रहने वाले आदित्य गोयल संग हुई थी। आदित्य गोयल ग्रेटर नोएडा में बेबी प्रोडेक्ट बनाता है। आरोप है कि जीजा आदित्य घर पर बात करने पर मारपीट करते थे। दहेज में मकान व गाड़ी की मांग करते थे। उन्होंने बुधवार को चार बजे बहन से वीडियो कॉल पर बात की थी। रात करीब पौने नौ बजे कामन ग्रुप पर बहन का बाय भी था। आरोप है कि सभी मैसेज पति, सास ससुर ने टाइप कर भेजे थे।

### पार्क में घूमने का बहाना

बुधवार रात जब फोन पर बात कराने के लिए कहा तो ससुराल पक्ष के लोगों ने पार्क में घूमने की बात कही। रात करीब सवा दस बजे पता चला कि दीपिका ने फांसी लगा ली है। अस्पताल पहुंचने पर दीपिका मृत अवस्था में मिली। इस मामले में सेक्टर 113 थाने की पुलिस शिकायत लेकर जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि बुधवार रात को सेक्टर 62 स्थित फोर्टिस अस्पताल से दीपिका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मेमो मिला था। पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया है।

# ऑनलाइन शिकायतों का निस्तारण न होने पर वेतन रोका

**ग्रेटर नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण न होने पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कई अफसरों का वेतन रोक दिया है। साथ ही उन्हें स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि उत्तरप्रदेश शासन से लगातार ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण पर जनता से फीडबैक लिया जाता है। गौतमबुद्धनगर की जनता के असंतुष्ट फीडबैक से जिले की छवि खराब हो रही है। गुरुवार को डीएम ने इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। बैठक में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने पाया कि 20 से अधिक विभागों में 50 प्रतिशत से अधिक असंतुष्ट प्रकरण चल रहे हैं। उन्होंने अफसरों के प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की। निर्देश दिए की सभी विभाग अपने-अपने लंबित एवं असंतोषजनक रूप से निस्तारित मामलों की गंभीरता से समीक्षा करें। साथ ही शिकायतकर्ता से सीधा संवाद कर उनकी समस्या का समाधान करें। उन्होंने प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस को निर्देश दिया कि लीड बैंक प्रबंधक, सीएचसी जेवर व बिसरख, सिंचाई विभाग, महिला कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, सामान्य प्रबंधक उद्योग, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग जेवर आदि विभागों के अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक कर स्पष्टीकरण जारी किया जाए।

# नोएडा में जलभराव, ठेकेदार कंपनी पर एक लाख का जुर्माना

## अधिकारियों के निरीक्षण में मिली गंदगी, निकासी के लिए नाला चौड़ा करने को कहा



**नोएडा।** शहर में जलभराव का कारण तलाशने बुधवार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री सड़क पर उतरे। उन्होंने एपी वन, टू, थ्री मार्ग, जोनल रोड नंबर-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 व 63 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) विजय कुमार रावल, परियोजना अभियंता प्रथम गौरव बंसल, सहायक परियोजना अभियंता अरुण कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर नालों की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए। संजय कुमार खत्री ने देखा कि सेक्टर-60 की और से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया, लेकिन नाले पर बनी कलवर्ट से आगे पानी का फ्लो धीरे है। इस पर कलवर्ट की मैपिंग करा कलवर्ट को ठीक कराए जाने का निर्देश दिया। सेक्टर-58 में भूखंड संख्या सी-29 के सामने मार्ग पर गंदगी एवं जलभराव मिला, ठेकेदार कंपनी एसपी गावर्मेंट कांट्रेक्टर एंड सप्लायर पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

### नालों पर दोबारा लगाए जाए कवर

नालों की सफाई के लिए हटाए गए एसएफआरसी कवर को दोबारा नाले रखने के निर्देश दिए गए। जोनल रोड नंबर-6 के साथ बने मुख्य नाले का निरीक्षण में अधिक मात्रा में फ्लोटिंग मटेरियल व सिल्ट भरी हुई मिली। तत्काल प्रभाव से सफाई कराने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में सेक्टर-1 से 8, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62 व 63 में निर्मित कल्वर्ट का लेवल नीचा है। ऐसे कल्वर्ट का निरीक्षण कर चिह्नित कर लिया जाए व आईआईटी रूड़की से लेवल का परीक्षण करा लिया जाए। नालों की चौड़ाई बढ़ाई जाए।

# नोएडा में 10 दिन डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 1.5 करोड़

## मानव अंगों की तस्करी का दिखाया डर, बैंक कर्मी को हुआ शक तो दर्ज कराया मुकदमा

**नोएडा।** मानव अंगों की तस्करी और मनिलॉड्रिंग केस में फसाने का डर दिखाकर साइबर अपराधियों ने विधवा महिला के साथ डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की। महिला को ठगों ने 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। बैंककर्मी महिला की मदद से पीड़िता की एफडी तुड़वाने से बच गई। महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक तथाकथित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पहले मुंबई पुलिस फिर नकली सीबीआई

एनटीपीसी हाउसिंग सोसाइटी निवासी चित्रा सिंह ने बताया कि उनके पति किशोर कुमार सिंह एनटीपीसी में अधिकारी थे।

उन्होंने पत्नी के नाम कुछ रकम बैंकों में जमा कर रखी थी। आठ जुलाई को चित्रा के पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस



का कर्मचारी बताया। कथित पुलिसकर्मी ने महिला से कहा कि उसके आधारकार्ड समेत अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल मानव अंगों की तस्करी और मनिलॉड्रिंग केस में हुआ है। इस पूरे सिंडिकेट का नरेश गोयल से लिंक है।

एजेंसियों को शक है कि महिला भी उसी सिंडिकेट का हिस्सा है। महिला को जेल जाने का डर दिखाया गया। इसके बाद ठगों ने चित्रा को डिजिटल अरेस्ट कर लिया।

कथित सीबीआई अधिकारियों से भी महिला की बात कराई गई। पुलिसकर्मियों ने महिला से कहा कि वह उसकी मदद करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन पूछताछ करने का विकल्प चुनने के लिए कहा। जांच के नाम पर महिला के खाते में जमा डेढ़ करोड़ रुपए अलग-अलग यह कहकर ट्रांसफर कराए गए कि प्रक्रिया पूरी होते ही रकम मूल खाते में वापस चली जाएगी।

### बैंककर्मी महिला को हुआ शक

महिला इतना डर गई थी कि ठगों के कहने पर वह बार-बार बैंक जाती और अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करती।

चित्रा को देखकर बैंक में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी को लगा कि वह परेशान है। महिला कर्मचारी ने चित्रा से कहा कि अभी कुछ दिन पहले उसने लोन के लिए आवेदन किया था। अब अचानक से खाते से इतने पैसे निकाल रही है। एफडी तुड़वाने की क्या आवश्यकता है। इसके पीछे क्या कारण है। महिला कर्मचारी ने यह भी कहा कि अगर वह ठगों के जाल में फंस गई है तो बताए ताकि मदद की जा सके।

### महिला कर्मचारी ही ले गई थाने

इसके बाद महिला कर्मचारी ही पीड़िता को थाने ले गई और ठगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि किराये के खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई होगी। शिकायतकर्ता महिला ने कहा उसकी उम्र अब 80 साल के करीब हो गई है। जिंदगी में जो भी जमा पूंजी थी ठगी में चली गई।

आगे की जिंदगी कैसे चलेगी कुछ समझ नहीं आ रहा है। ठगी की रकम को फ्रीज और होल्ड कराने के लिए पुलिस ने संबंधित बैंक के अधिकारियों से भी संपर्क किया है।

# नोएडा में निवेश के नाम पर ठगे 2.89 करोड़

**नोएडा।** शेयर बाजार में अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर सेक्टर 36 निवासी के साथ 2.89 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की गई।

पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उन खातों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई है। सेक्टर 36 निवासी रामकृष्ण शिवपुरी राजस्थान में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर है। वह शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं।

उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को कीर्ति श्राफ नामक महिला ने उनसे संपर्क किया।

उसने खुद को एबोट वेल्थ मैनेजमेंट नामक कंपनी की कर्मचारी और फंड मैनेजर बताया। वह महिला की बातों में आ गए।

दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। महिला ने दावा किया कि उनकी कंपनी के शेयरों में निवेश करने पर एक ही दिन में 15 से 30 प्रतिशत तक का मुनाफा हो सकता है। पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए उसे एक ऐप पर प्रशिक्षण दिया और रजिस्ट्रेशन कराया।

4 अप्रैल से महिला ने छोटे-छोटे निवेश कराना शुरू किया, जिसमें ऐप पर लगातार मुनाफा दिखाया जाता रहा।

मुनाफा दिखने पर महिला पर विश्वास कर पीड़ित ने 6 जून तक 21 से अधिक बार में कुल 2.89 करोड़ रुपए जमा कर दिए।

जब उन्होंने रकम वापस निकालने की कोशिश की तो असफल रहे और तब उन्हें ठगी का पता चला। पीड़ित ने पहले एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और अब साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शार्ट न्यूज

### नोएडा एक्सप्रेस वे पर कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेस वे पर एडवंट बिल्डिंग के सामने एक कार में आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। कार से धुआं निकलते ही चालक ने सड़क के किनारे वाहन खड़ा किया। वो तेजी से कार से नीचे उतरा। इसके बाद कार में तेजी से पकड़ ली। मिनटों में ही कार धू-धू कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दमकल विभाग को दी। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि जानकारी मिलते ही दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। आग पर करीब 20 मिनट में काबू पा लिया गया। कोई जनहानि नहीं है। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। इस दौरान कुछ देर के यातायात को डायवर्ट किया गया। आग बुझाने के बाद यातायात सुचारु रूप से चलने लगा। आग इंजन में लगी थी। उन्होंने बताया कि समय से वाहनों की सर्विस बहुत जरुरी है। ताकि वाहनों में आग नहीं लगे।

### ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में चोरी का मामला सामने आया है। बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र अंकुर सिंह के कमरे से लैपटॉप चोरी हो गया है। पीड़ित छात्र ने गुरुवार को दनकौर कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अंकुर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि 3 जुलाई को उनके हॉस्टल रूम से किसी ने लैपटॉप चुरा लिया। छात्र ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति उनके कमरे के अंदर-बाहर आता-जाता दिखाई दे रहा है। अंकुर ने पहले यूनिवर्सिटी प्रबंधन से भी इस मामले की शिकायत की थी। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि वे जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लेंगे।

### ग्रेटर नोएडा में कुत्ते से टकराई बाइक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के भाईपुर रोड पर एक दुर्घटना में बाइक कुत्ते से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दंपति और उनके दो बच्चे घायल हो गए। झाझर कस्बा निवासी जुनेद गुरुवार दोपहर को अपनी पत्नी महक और बच्चों के साथ यात्रा कर रहे थे। उनके साथ उनका 8 वर्षीय बेटा जिशान और 2 वर्षीय बेटी नव्या भी थी। वे सभी रबूपुरा के गांव तकीपुर स्थित मजार पर जा रहे थे। भाईपुर रोड पर ईदगाह के पास उनकी बाइक अचानक एक कुत्ते से टकरा गई। इससे सभी रोड पर फिसलकर गिर गए और घायल हो गए। घटनास्थल से गुजर रहे गांव तकीपुर निवासी समाजसेवी कुलदीप पंडित ने मदद की। उन्होंने सभी घायलों को रबूपुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के अनुसार जिशान और नव्या की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज जारी है।

### सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड ने मां-बेटे को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर क्षेत्र की मिग्शन ट्विंस सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड ने मां-बेटे को डंडे से बुरी तरह पीटा। कुंवारों को फ्लैट देने पर पावंदी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना बुधवार की है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सोसाइटी के लोगों ने एक राय होकर कुंवारे युवक-युवतियों को किराये पर फ्लैट देने पर रोक लगा रखी है। एक महिला बुधवार को अपने बेटे और उसके दोस्त को किराये पर फ्लैट दिलाने के लिए सोसाइटी पहुंची। इसी बीच सुरक्षा गार्ड विपिन ने महिला और दोनों युवकों को रोक लिया। सुरक्षा गार्ड ने बताया कि यहां युवाओं को फ्लैट देने से मना कर रखा है। महिला और उसके बेटे ने जबरन अंदर जाने की कोशिश की। इसी बात को लेकर उनकी सुरक्षा गार्ड से कहासुनी हो गई। सुरक्षा गार्ड विपिन ने डंडे से महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों चोटिल हो गए। पुलिस ने आरोपी सुरक्षा गार्ड विपिन को गिरफ्तार कर लिया।

### एसटीपी से शोधित पानी को और स्वच्छ बनाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीवरेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) से शोधित पानी को और अधिक स्वच्छ बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सभी एसटीपी को तकनीकी रूप से और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि गुणवत्ता में सुधार हो सके। आईआईटी दिल्ली द्वारा इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जो अगले सप्ताह मिलने की उम्मीद है। एसटीपी पर एक अतिरिक्त फिल्टर लगाकर शोधित पानी को स्वच्छ पानी के मापदंड के अनुरूप बनाया जाएगा। नोएडा के सेक्टर-54 स्थित एसटीपी पर इस तकनीक का पहले से ही इस्तेमाल हो रहा है। ग्रेटर नोएडा में फिलहाल चार एसटीपी संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बादलपुर स्थित एसटीपी की क्षमता 2 एमएलडी, कासना स्थित एसटीपी की क्षमता 137 एमएलडी, इकोटेक-2 स्थित एसटीपी की क्षमता 15 एमएलडी और इकोटेक-3 स्थित एसटीपी की क्षमता 20 एमएलडी है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने एसटीपी से शोधित पानी को और स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए हैं।

### किशोरी को बंधक बनाने पर पांच वर्ष की सजा

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और उसे बंधक बनाकर रखने के मामले में दोषी को गुरुवार को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर एक वर्ष तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अधिवक्ता से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के मोरना गांव में एक परिवार किराये के मकान में रहता था। परिवार की 14 वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाला पीर मोहम्मद 16 अप्रैल 2023 को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। उसने किशोरी को बंधक बनाकर रखा। पीड़ित परिवार की शिकायत पर सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और किशोरी को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने केस की सुनवाई करआरोपी पीर मोहम्मद को दोषी करार दिया। अदालत ने उसको पांच साल कारावास की सजा सुनाई।

### सोसाइटी में प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की न्यू टेकला पलासिया सोसाइटी के एक फ्लैट की बालकनी एरिया में प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा। हालांकि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सोसाइटी के लोगों ने बिल्डर पर घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि बुधवार को बारिश के चलते एक फ्लैट की बालकनी एरिया में बने पिलर से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि घटना के समय कोई नीचे नहीं था। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। लोगों का आरोप है की घटिया निर्माण सामग्री लगी होने की वजह से आए दिन प्लास्टर के टुकड़े टूट कर गिर रहे हैं। सोसाइटी के लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सोसाइटी का सुरक्षा ऑडिट होना चाहिए। सुरक्षा ऑडिट की मांग पूर्व में भी कई बार उठ चुकी है। प्राधिकरण से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।




# नकली दूतावास खोलने वाले हर्षवर्धन ने फ्रांस-लंदन में पढ़ाई की

## लग्जरी गाड़ियों का शौक, पत्नी गोल्ड कारोबारी; यूपी एटीएस से राज कबूले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फर्जी दूतावास चलाने वाले हर्षवर्धन को लग्जरी लाइफ पसंद थी। कारोबारी परिवार से ताल्लुक रखने वाला हर्षवर्धन अक्सर दुबई, दक्षिण अफ्रीका, पेरिस लंदन, सऊदी घूमने जाता। महंगी कारों में चलता और 5 स्टार होटल में ठहरता। खास तरह के राजनयिक सूट पहनता था, जिससे वह एक असली अधिकारी जैसा लगता था। इसकी आड़ में शेल कंपनियों के जरिए हवाला का रुपया विदेशों तक पहुंचाता था।

### एसटीएफ के एक्शन में आने के बाद अब एटीएस ने हर्षवर्धन से 2.30 घंटे बंद कमरे में पूछताछ की। जो सवाल पूछे गए, वो कुछ इस तरह के थे

हवाला के जरिए किसका रुपया, कहां पहुंचाया?
विदेश में काम दिलाने के बहाने कितने लोगों को कहां-कहां भेजा?
क्या ब्यूरोक्रेसी या पॉलिटिशियन की शह भी मिली हुई थी?
कारोबारी परिवार से होने के बावजूद इस तरह के धंधे को क्यों फैलाया?

### मंत्रालयों में वीआईपी की तरह जाता, बोला- कभी गाड़ी नहीं रोकी गई

हर्षवर्धन जैन ने पूछताछ में लगातार अपने बयान बदले हैं। वह कभी अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करता, फिर साक्ष्य दिखाए जाने पर एजेंसी को गुमराह करने वाले बयान देता रहा।
इतना जरूर सामने आया कि फर्जी दूतावास चलने वाले हर्षवर्धन की दिल्ली के कई मंत्रालयों में सीधी एंट्री थी, जो अलग-अलग गाड़ियों से वीआईपी की तरह मंत्रालय तक पहुंचता था।
उसने बताया कि कभी भी किसी भी शहर में मेरी गाड़ी को रोका नहीं गया, न ही किसी ने फर्जी समझा। हर्षवर्धन ने पूछताछ में यह भी बताया कि फ्रांस से मैंने पीएचडी की डिग्री हासिल की थी।





### एटीएस से कहा- ब्यूरोक्रेसी में अच्छी पहचान रही

एटीएस के अधिकारी ने पूछा- मंत्रालयों में क्यों आते-जाते थे? हर्षवर्धन ने कहा- दूसरे देश के लोगों के दूतावास संबंधी काम मेरे पास आते थे। मैं अपनी पहचान के दम पर उन्हें करता था। बदले में हवाला के जरिए मुझे पैसा मिलता था।
जब एटीएस ने पूछा कि मंत्रालयों में एंट्री कैसे होती थी? हर्षवर्धन ने कहा- विदेश जाने से पहले मैं मंत्रालयों में जाता रहता था। कुछ ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों से अच्छी पहचान हो गई थी। इसलिए एंट्री में कभी कोई दिक्कत नहीं आई।

### 12 विदेशी घड़ी, 4 लग्जरी कारें, घर से 44 लाख करेंसी

घर की एक अलमारी से एजेंसी को 12 विदेशी घड़ी मिली हैं। इनकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं घर के बाहर 4 लग्जरी कार मिली हैं। इनमें मर्सिडीज, 2 हुंडई की सोनाटा कारें शामिल थीं। उसके पास से 44 लाख रुपए की भारतीय और विदेशी करेंसी मिली है।
इसमें अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीयन करेंसी शामिल है। हर्षवर्धन एटीएस और एसटीएफ को इस करेंसी से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सका है। एसटीएस ने मंगलवार आधी रात को गाजियाबाद के कविनगर में छापेमारी केंद्रीय एजेंसियों के इनपुट पर की थी। थाने में आरोपी हर्षवर्धन के खिलाफ एसटीएफ द्वारा संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जिसे बुधवार शाम कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। 2.30 घंटे की पूछताछ में जांच एजेंसी को पता चला है कि हर्षवर्धन जैन की पत्नी का दिल्ली में चांदनी चौक के पास एक ऑफिस है।
वह गोल्ड और चांदी का बड़ा कारोबार कर रही हैं। परिवार में हर्षवर्धन का एक बेटा है, जो गाजियाबाद के एक प्राइवेट स्कूल में 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। पिता जेडी जैन उद्योगपति हैं, एजेंसियों को ये भी इनपुट मिले हैं कि वो मिनिस्ट्री ऑफ इनवायरमेंट एंड फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से रिटायर्ड अधिकारी हैं।
हर्षवर्धन ने पूछताछ में बताया- साल 2012 में जब दिल्ली मंत्रालय के इनपुट पर मेरे घर से सैटेलाइट फोन बरामद किया गया था, उस समय मुझे थाने भी पूछताछ के लिए लाया गया था, लेकिन मेरा देश विरोधी गतिविधियों में कोई रोल नहीं था। मुझे छोड़ दिया गया था।

## शार्ट न्यूज

### 10 साल की बच्ची से रेप का प्रयास

प्रतापगढ़। यूपी के प्रतापगढ़ में एक 16 वर्षीय नाबालिग ने 10 साल की बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया। सूचना मिलने पर 7 मिनट में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर बच्ची को आरोपी के चंगुल से बचाया और उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। घटना संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार रात करीब 8 बजे की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। बच्ची का मेडिकल कराया जा रहा है। बच्ची के माता-पिता ने बताया- आरोपी नाबालिग उनके मकान के नीचे ही बाइक रिपेयरिंग दुकान में काम सीखता है। वह पानी पीने के बहाने घर में घुसा था। उस दौरान बच्ची घर में अकेली थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र से 12 किलोमीटर दूर स्थित गांव की है। बच्ची के पिता मजदूरी करते हैं। बच्ची उनकी इकलौती संतान है। बच्ची के पिता ने बताया- हमारे मकान के आगे के कमरे में किराए पर बाइक सर्विसिंग की दुकान चलती है। इसी दुकान में आरोपी नाबालिग पिछले 4 महीने से रिपेयरिंग सीखने आ रहा है। पिता ने बताया- बुधवार को मैं और मेरी पत्नी काम पर गए हुए थे।

### सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर मिशन के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन को किया रवाना

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से मिशन मुख्यालय, लखनऊ द्वारा एल0ई0डी0 वैन भेजी गयी। उक्त एल0ई0डी0 वैन को शेषनाथ चैहान, मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर के द्वारा विकास भवन परिसर, ललितपुर से हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थानों/चैराहे पर प्रचार- प्रसार हेतु रवाना किया गया। एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से जनपद एवं तहसील के विभिन्न मुख्य स्थानों/चैराहे पर भी उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनाओं का प्रचार- प्रसार किया गया। एल0ई0डी0 वैन रवानगी के दौरान नन्दलाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, ललितपुर, आरिफ खांन, एम0आई0एस0 मैनेजर, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, ललितपुर ए0एम0 अन्सारी, कार्यदशेक प्रमोद तिवारी, अनुदेशक, चन्द्रभान प्रजापति, अनुदेशक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कार्यालय सहायक/डाटा आपरेटर एवं कमलेश सेन उपस्थित रहे।

### 10 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**कासगंज।** कासगंज की कोतवाली ढोलना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है। आरोपी काफी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। कासगंज के एसपी अंकित शर्मा के निर्देश पर जनपद में गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य मामलों में फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को कोतवाली ढोलना पुलिस ने बिलराम बस स्टॉप के पास से एक फरार अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान नाजिम पुत्र अफजाल के रूप में हुई है। वह कासगंज जिले के थाना ढोलना क्षेत्र के बिलराम कस्बे के मोहल्ला कस्साबान का रहने वाला है। नाजिम पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था और वह इस मामले में फरार चल रहा था।


### लखनऊ में नाम बदलकर शादी का झांसा दिया

**लखनऊ।** लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। एक युवक ने अपना नाम और धर्म छिपाकर एक छात्रा को प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि आरोपी ने खुद को आकाश (बदला हुआ नाम) बताकर उसे प्रेम जाल में फंसाया। जब छात्रा को पता चला कि युवक दूसरे समुदाय का है और पहले से शादीशुदा है, तो उसने घर में शिकायत करने की बात कही। इस पर आरोपी ने उसके वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महीनों तक उसका शोषण करता रहा। इसी मामले से जुड़ी एक अन्य घटना 21 जुलाई 2025 को सामने आई, जब आरोपी ने पीड़िता के पड़ोस में रहने वाली रिश्ते की नाबालिग बहन के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया।

# मुंह में कपड़ा ठूंसकर रिटायर सैनिक का मर्डर

## रसोई में लाश मिली, हाथ-पैर बंधे थे, शरीर पर गहरे जख्म

**मथुरा।** मथुरा में रिटायर्ड बीएसएफ सैनिक की हत्या कर दी गई। उनकी लाश रसोई में पड़ी मिली। हाथ-पैर बंधे थे। शरीर पर चोट के निशान थे। दिनभर घर से बाहर न निकलने पर एक साधु ने आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर अंदर गया। देखा तो सैनिक की लाश औंधे मुंह पड़ी थी। मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था।
वह चिल्लाते हुए बाहर आए और मोहल्ले वालों को बुलाया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसपी देहात सुरेश चंद रावत समेत अन्य अधिकारी भी पहुंचे। कमरे और आसपास के इलाके को सील कर दिया गया।
फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस मोहल्ले वालों से पूछताछ कर रही है। घटना गोपी बिहार कॉलोनी में बुधवार देर रात हुई।




उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी विनोद पांडेय (56) पिछले 25 साल से मथुरा में रह रहे थे। आसपास के लोगों के अनुसार, वे राधारानी की पूजा करते थे। राधारानी में गहरी आस्था के चलते उन्होंने बीएसएफ में सैनिक पद से ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।
उनका दिन भजन-पूजन में ही बीतता था। उन्होंने अपना नाम बदलकर विनोद कृष्ण दास रख लिया था। करीब आठ महीने पहले उनके भाई ने गोपी विहार कॉलोनी में मकान बनवाया था, जिसके बाद वे पाल कॉलोनी स्थित अपने पुराने मकान से यहां आकर रहने लगे थे।
विनोद के पिता गणेशदत्त पांडेय भी उनके साथ रहते थे, लेकिन कुछ दिन पहले ही अल्मोड़ा चले गए थे। विनोद पांडेय आमतौर पर घर का गेट बंद नहीं करते थे। बुधवार को जब वे पूरे दिन घर से बाहर नहीं निकले, तो विष्णुदास बाबा उनके घर पहुंचे।
अंदर जाकर देखा तो विनोद का शव रसोई में औंधे मुंह पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा हुआ था। घर में स्थापित राधारानी की मूर्ति का श्रृंगार भी अस्त-व्यस्त था।
गहने गायब थे। इसके अलावा घर में खड़ी एक स्कूटी और एक बाइक भी नहीं मिली।

### लिव इन में रह रहे युवक ने जान दी

**कानपुर।** कानपुर में लिव इन में रह रहे युवक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। वह 2 महीने से परिवार से अलग होकर एक तलाकशुदा महिला के साथ रह रहा था। परिजनों का आरोप है कि महिला ने पैसों के खातिर बेटे को प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। घटना काकादेव के ओम चौराहे के पास की है। परिजनों ने रावतपुर थाने में शिकायत दी है। घटना का 4 मिनट 24 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। युवक जहां लिव इन में रहता था, उसके पड़ोसियों ने बताया कि कमरे से चीखने और रोने की आवाज आ रही थी, लेकिन काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुल रहा था। इस पर उन्होंने लात मारकर दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया। महिला से जुड़ा मामला होने के चलते पड़ोसी पूरे मामले का वीडियो बनाने लगे। दरवाजे पर जब लात मारना शुरू किया तो अंदर से महिला बोली- चाबी मिल गई है, दरवाजा खोलती हूं।

### सीवर सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर

**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सदरपुर में गुरुवार दोपहर सीवर की सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सीवर में उतरे तीन मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए, जिससे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद कॉलेज प्रशासन और श्रम विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।
बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज परिसर में सीवर सफाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान एक मजदूर अचानक सीवर में गिर गया। उसे बचाने के लिए दो अन्य मजदूर भी सीवर में उतर गए, लेकिन सभी गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए और अंदर ही फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में जेसीबी मशीन की मदद से सीवर लाइन तोड़कर तीनों को बाहर निकाला गया और मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। मनीराम और देवेंद्र की मौत, सुरेंद्र की हालत गंभीर डॉक्टरों ने जांच के बाद मनीराम (निवासी - रामपुर कला, टांडा) और देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुरेंद्र (निवासी - रामपुर कला) की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है।

#### प्रशासन और पुलिस मौके पर, जांच शुरू

मौके पर पहुंचे मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी रवीश कुमार ने बताया कि मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

#### सुरक्षा इंतजाम नदारद, उठे गंभीर सवाल

इस हादसे ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बिना किसी सेफ्टी गियर और ऑक्सीजन उपकरण के मजदूरों को सीवर में उतारना घोर लापरवाही को दर्शाता है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों का मेडिकल कॉलेज में तांता लग गया। हर आंख नम थी, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जीरो पॉवर्टी सर्वे के अंतर्गत अब तक की गई प्रगति की समीक्षा हेतु सीडीओ ने ली बैठक



**ललितपुर।** जनपद के गरीब परिवारों एवं सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों को शहर की तर्ज पर विकास की मुख्य धारा में लाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शुरू की गई मुहिम जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण की समीक्षा हेतु गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जीरो पावर्टी सर्वे हेतु सभी विभागों को ग्रामपंचायतवार प्रारूप भेजा गया है, उस प्रारूप पर संबंधित योजनाओं में पात्र पाए गए लाभार्थियों की ब्लॉकवार सूची खंड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करा दें। सभी खंड विकास अधिकारी इन लाभार्थियों के आवेदन करवाने की व्यवस्था करेंगे और यदि उनके पास वंचित दस्तावेज नहीं हैं तो उनके कागज बनवाने की व्यवस्था भी कराएंगे। जीरो पावरी सर्वे हमारी प्राथमिकता है, कोई भी पात्र लाभार्थी किसी दस्तावेज की कमी के कारण लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित देते हुए कहा कि खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कराकर यथाशीघ्र लाभार्थियों को योजनाओं कालाभ दिलाना सुनिश्चित करें, उनकेआवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहें। इसके अलावा आगामी बैठकों में एडीओ पंचायत सर्वे रिपोर्ट और डिमांड के साथ उपस्थित रहेंगे।

### बरेली में देवर-भाभी ने सुसाइड किया

**बरेली।** बरेली में देवर और भाभी ने सुसाइड कर लिया। दोनों के शव अपने-अपने कमरे में फंदे पर लटके मिले। परिजनों ने गुरुवार सुबह पहले महिला का शव देखा। युवक के कमरे में गए तो उसका शव भी फंदे पर लटका मिला। महिला के मायके वालों ने पति पर अपने भाई और पत्नी की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पति देवर-भाभी के बीच अवैध संबंध का शक करता था। इस बात को लेकर आए दिन मारपीट करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके पर सबूत जुटाए। पुलिस हत्या और सुसाइड दोनों एंगल पर जांच कर रही है। मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र के आलोक नगर का है।

### कांशीराम आवास में प्रशासन ने की छापेमारी, अवैध रूप से कब्जा कर निवास करने वाले चिन्हित

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर नगर क्षेत्र के इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे कांशीराम आवास योजना परिसर में आज प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी की। इस दौरान कई फ्लैटों में ऐसे लोग पाए गए जो अवैध रूप से रह रहे थे। छापेमारी की जानकारी मिलते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई।
अधिकारियों के मुताबिक,कई लाभार्थियों ने मिले अपने मकानों को या तो किराए पर दे रखा है या फिर खुद वहां न रहकर किसी और को रहने दे रहे हैं, जो कि आवास योजना के नियमों के खिलाफ है। टीम ने मौके पर रहने वाले लोगों से दस्तावेज मांगे, जिसमें कुछ लोग वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। आज की जांच में 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग अवैध रूप से पाए गए हैं



प्रशासन ने अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है और ऐसे सभी मामलों की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही दोबारा जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। कई स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इससे आवास में रह रहे असली लाभार्थियों को राहत मिलेगी।
कांशीराम आवास जैसी योजनाएं गरीबों और जरूरतमंदों के लिए चलाई जाती हैं, लेकिन जब ऐसे आवास अवैध कब्जे या गलत उपयोग में आ जाते हैं, तो यह असली लाभार्थियों के साथ अन्याय होता है। प्रशासन की यह पहल इसी दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है।
प्रशासन टीम में एसडीम अकबरपुर, सीईओ अकबरपुर, अधिशासी अभियंता बीना सिंह,कोतवाल अकबरपुर,अतुल वर्मा सभासद मौजूद रहे।

### मसाज पार्लर की आड़ में चल रहा, जिस्मफरोशी का गोरखधंधा

विशाल इंडिया ब्यूरो

**लखनऊ।** थाना विकास नगर अंतर्गत टेढ़ी पुलिया स्थित जनप्रिया कॉम्प्लेक्स में एक बार फिर मसाज पार्लर की आड़ में चल रहे कथित देह व्यापार का मामला आया सामने। बताया जा रहा है इससे पहले भी इसी स्थान का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस के द्वारा पार्लर को कुछ दिनों के लिए बंद करवा दिया गया था। लेकिन कुछ समय की खामोशी के बाद अब दोबारा फिर से वही जिस्मफरोशी का गोरखधंधा धड़ल्ले से फलफूल रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि मसाज पार्लर के अंदर किस तरह जिस्मफरोशी का रेट तय किया जा रहा हैं और कम उम्र की युवतियों के माध्यम से देह व्यापार का धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इस पूरे मामले में एक अधिवक्ता की भी संलिप्तता पाई जा रही है, जो इस अवैध धंधे को कानूनी संरक्षण देने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार को विकास नगर पुलिस की मौन स्वीकृति प्राप्त है। पार्लर की संचालिका पहले भी ऐसे मामलों में संलिप्त रही है, लेकिन हर बार कार्यवाही अधूरी ही रह जाती है। अब जनता और स्थानीय व्यापारी वर्ग गुप्त तौर पर प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है क्या विकास नगर पुलिस को इस मामले की जानकारी है कि नहीं और अगर है तो स्पा के संचालक के ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं होती है आखिर इस तरह के स्पा पार्लरों को किसका संरक्षण प्राप्त है जो की धड़ल्ले से देह व्यापार का गोरखधंधा संचालित कर रहे हैं। आखिर कब तक पुलिस और कानून व्यवस्था ऐसे गोरखधंधों के सामने मूक दर्शक बनी रहेगी।

### पेड़ से लटककर दी जान, परिवार में पसरा मातम

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अम्बेडकर नगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के असरफपुर वरवां गांव में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव गांव के बाहर एक पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिला।मृतक की पहचान रामतीरथ गुप्ता पुत्र स्वर्गीय त्रिलोकी गुप्ता के रूप में हुई है, जो वर्षों से मुंबई में रहकर मजदूरी करता था और बुधवार को ही गांव लौटा था। ग्रामीणों के अनुसार, घर लौटने के बाद रामतीरथ का अपनी पत्नी और बच्चों से विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि बात इतनी बढ़ गई कि हाथापाई तक की नौबत आ गई। इसके बाद वह देर शाम अकबरपुर स्टेशन तक गया, लेकिन ट्रेन न मिलने पर वापस लौट आया। देर रात एक बार फिर घर में झगड़ा हुआ।



विवाद की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर अहिरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाकर मामला शांत कराया। सुबह मिला शव, हत्या की आशंका गुरुवार सुबह रामतीरथ का शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटका मिला। शव देखकर ग्रामीणों ने घटना को संदिग्ध बताया। मृतक के पैर में चप्पल मौजूद थी और फंदे की ऊंचाई भी सामान्य नहीं थी, जिससे आत्महत्या की आशंका पर सवाल उठे हैं। कुछ लोगों ने इसे सुनियोजित हत्या करार दिया और आरोप लगाया कि इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। पुलिस जांच में जुटी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर दर्ज नहीं की गई थी। ग्रामीणों में रोष घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे रहे। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### इटावा में 7 साल की बच्ची नाले में बही

**इटावा।** इटावा में शहर के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मेवाती टोला मोहल्ले में गुरुवार की दोपहर हादसा हो गया, जब बारिश के बीच घर के बाहर खेल रही 7 वर्षीय मासूम बच्ची नाले में बह गई। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मेवाती टोला में रहने वाले ऑटो चालक मुस्तफा की बेटी अनम (7) दोपहर करीब तीन बजे शुरू हुई बारिश में पड़ोस के बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान पैर फिसलने से वह उफनते नाले में जा गिरी। तेज बहाव के कारण कुछ ही पलों में वह आंखों से ओझल हो गई। पास खड़े बच्चों ने शोर मचाया तो मोहल्लेवालों और परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

### एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षण रिक्रूट आरक्षियों को किया ब्रीफ

#### पुलिस की नौकरी केबल एक जॉब नही, बल्कि यह लोगो के प्रति सम्पूर्ण समर्पित भाव से की गयी सेवा है

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर, ललितपुर में आरटीसी प्रशिक्षण के लिये आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया गया । ब्रीफिंग के दौरान आरक्षियों को ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए , अनुशासन, अच्छा आचरण, सोशल मीडिया पॉलिसी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी , जिसका विवरण निम्नवत है । सर्वप्रथम महोदय द्वारा अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली बेहतर मूलभूत सुविधाये प्रदान करने के सम्बन्ध में अधि0/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आधारभूत प्रशिक्षण



पाठ्यक्रम को लेकर आवश्यक जानकारी दी गयी । ट्रेनिंग के दौरान दैनिक दिनचर्या के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।अभ्यर्थियों को वर्तमान में टैक्नोलाजी का सदुपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस के आचरण जैसे रूढिवादी सोच, गैर पक्षपात पूर्ण कार्य, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया । पुलिस को ईमानदारी पूर्वक जाति, धर्म व राजनैतिक बातो से परे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु अवगत कराया गया। उ0प्र0 पुलिस के गौरवमयी इतिहास में आने वाले अगले 35 से 40 वर्षों तक बदलते हुए समय को देखते हुए एक बीट आरक्षी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है । आरक्षी पद से ही हमारी पुलिस प्रणाली मजबूत होती है तथा अपराधियों व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलती है, के सम्बन्ध में अवगत कराया गया । ट्रैनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अनुशासन में रहने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।सोशल मीडिया पॉलिसी के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को विस्तार से बताया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या 223 हुई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में बारह और लोगों की मौत के साथ ही पाकिस्तान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या 223 हो गई है। एनडीएमए के अनुसार, पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो पुरुष, इतनी ही महिलाएं और आठ बच्चे मारे गए हैं, जबकि दस अन्य घायल हुए हैं। इस मानसून सीजन में भारी बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक 594 लोग घायल हुए हैं। पंजाब सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांत रहा, जहां 135 लोगों की मौत हुई है और 470 लोग घायल हुए हैं। खैबर पख्तूनख्वा में 56 लोगों की मौत हुई है और 71 लोग घायल हुए हैं। सिंध में 24 लोगों के हताहत होने और 40 के घायल होने की खबर है। बलूचिस्तान में 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मौत हुई है और छह लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में तीन गैर-घातक मौतें हुईं, जबकि इस्लामाबाद में एक व्यक्ति की मौत हुई। ज्यादातर मौतें इमारतों के ढहने, डूबने, भूस्खलन, अचानक बाढ़, बिजली गिरने और बिजली का झटका लगने से हुई हैं।

### रूस की पहली महिला चीफ जस्टिस इरिना पोदनोसोवा का निधन

**मास्को, एजेंसी।** रूस की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश इरिना पोदनोसोवा का मंगलवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं और कैंसर से जूझ रही थीं। पोदनोसोवा को उनके पूर्ववर्ती जस्टिस व्याचेलाव लेबेदेव के निधन के बाद अप्रैल 2024 में सर्वसम्मति से रूसी संघ के सर्वोच्च न्यायालय का चीफ जस्टिस चुना गया था। जस्टिस लेबेदेव 1989 से फरवरी 2024 में अपने निधन तक मुख्य न्यायाधीश रहे।

### जिम्बाब्वे में सड़क हादसे में17 लोगों की मौत

**हरारे, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के उत्तरपूर्व में राजधानी हरारे से लगभग 25 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में घनी आबादी वाले शहर चिटुंगविजा के पास मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक मिनीबस टैक्सी और एक मालवाहक ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में 17 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बारे में पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी ने बताया कि कुछ पैदल यात्रियों सहित सभी 17 पीड़ितों की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ये हादसा तब हुआ जब ट्रक चालक के नियंत्रण खो देने के बाद ट्रक विपरीत लेन में घुस गया और मिनी बस से टकरा गया। उन्होंने बताया कि टक्कर से पहले ट्रक ने फुटपाथ पर जा रहे दो पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि मिनी बस में सवार 17 यात्रियों में से 15 की तत्काल मृत्यु हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### इमरान खान की पार्टी के 7 नेताओं को10 साल की जेल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व पीएम इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सात प्रमुख नेताओं को मंगलवार को नौ मई 2023 के दंगों के मामलों में 10 साल कैद की सजा सुनाई गई। लाहौर की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने सीनेटर एजाज चौधरी, पंजाब के पूर्व गवर्नर सरफराज चीमा, पूर्व प्रांतीय मंत्रियों यास्मीन राशिद और महमूदुर राशिद, और वकील अजीम पाहट को 9 मई, 2023 के शारपाओ ब्रिज दंगों से संबंधित मामले में 10-10 साल की सजा सुनाई है। ये सभी नेता आतंकवाद के आरोपों के तहत 9 मई के कई मामलों का सामना कर रहे हैं।

### अमेरिका- कोर्ट ने न्यू जर्सी के हिरासत केंद्र पर रोक लगाने वाले कानून को रद्द किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक अपीलीय कोर्ट ने मंगलवार को न्यू जर्सी राज्य के उस कानून को रद्द कर दिया, जो निजी कंपनियों को संघीय सरकार के साथ आव्रजन हिरासत केंद्र चलाने का अनुबंध करने से रोकता था। इस फैसले के बाद कंपनी कोरसीविक कॉर्पोरेशन अब न्यू जर्सी के एलिजाबेथ हिरासत केंद्र का संचालन जारी रख सकेगी। यह फैसला अमेरिका में प्रवासियों पर कार्रवाई तेज करने की ट्रंप प्रशासन की कोशिशों के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है, जिसमें हिरासत केंद्रों का नेटवर्क बढ़ाना भी शामिल है। जस्टिस स्टेफानोस बिबास ने कहा, जैसे राज्यों को संघीय सरकार पर सीधे नियंत्रण का अधिकार नहीं है, वैसे ही वह निजी कंपनियों पर भी ऐसा नियम नहीं बना सकते जो संघीय कामकाज को बाधित करे। उन्होंने कहा कि यह कानून संघीय सरकार की आव्रजन कानून लागू करने की मूल शक्ति में दखल देता है। इस कानून पर साल 2021 में न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कोरसीविक कॉर्पोरेशन को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के साथ अपना अनुबंध नवीनीकृत करने से रोका गया था। कंपनी ने इस कानून को अदालत में चुनौती दी थी और निचली अदालत ने उसके पक्ष में फैसला दिया था। राज्य सरकार ने उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसे अब तीसरे सर्किट कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

# आप लोग अकेले नहीं हैं, इमरान खान के बेटों से मिले ट्रंप के करीबी सहयोगी; रिहाई की मांग

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत रिचर्ड ग्रेनेल ने मंगलवार को कैलिफोर्निया में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलेमान ईसा खान और कासिम खान से मुलाकात की। इस मुलाकात में ग्रेनेल ने इमरान खान की रिहाई की मांग को दोहराया और उनकी गिरफ्तारी को राजनीतिक उत्पीड़न करार दिया। ग्रेनेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर सुलेमान और कासिम के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कैलिफोर्निया में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम खान आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं।



**क्यों खास मानी जा रहा मुलाकात :** यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब इमरान खान की जेल में हिरासत की स्थिति को लेकर पीटीआई नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता लगातार आलोचना कर रहे हैं। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं, जहां उन्हें 14 साल की सजा सुनाई गई है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और राज्य के रहस्यों के दुरुपयोग सहित 100 से अधिक आरोप हैं, जिन्हें वे और उनकी पार्टी राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हैं। ग्रेनेल ने पहले भी इमरान खान का समर्थन किया है। ट्रंप के चुनाव अभियान के दौरान न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में, उन्होंने कहा था कि ट्रंप प्रशासन के दौरान इमरान खान के नेतृत्व में अमेरिका-पाकिस्तान संबंध बेहतर थे। उन्होंने इमरान खान को एक व्यक्ति बताया था जो सामान्य भाषा में बात करता था और ट्रंप के साथ उनका अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने खान की कानूनी चुनौतियों को ट्रंप के सामने आई कानूनी चुनौतियों से तुलना की।

**जेल की स्थिति पर चिंता :** पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि इमरान खान को मृत्यु कक्ष में रखा गया है, जहां उन्हें किताबें, टेलीविजन या समाचार पत्र तक की पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा कि एक पूर्व प्रधानमंत्री होने के बावजूद, खान को सामान्य कैदियों के बुनियादी अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। इमरान खान के बेटों, कासिम और सुलेमान, ने भी अपने पिता की जेल की स्थिति को अमानवीय बताया है। मई 2025 में, उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि उनके पिता को एक उच्च-सुरक्षा कक्ष में पूरी तरह से अलग-थलग रखा गया है, जिसे उन्होंने मृत्यु कक्ष कहा। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप और अन्य वैश्विक नेताओं से अपने पिता की रिहाई के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की थी। इमरान खान और ट्रंप का रिश्ता इमरान खान और डोनाल्ड ट्रंप के बीच 2019 और 2020 में कई मुलाकातें हुई थीं, जिनमें जुलाई 2019 में वाशिंगटन डीसी में और जनवरी 2020 में दावोस में हुई बैठकें शामिल हैं। ट्रंप ने खान को लोकप्रिय और महान एथलीट कहकर उनकी तारीफ की थी। दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया और कश्मीर पर भी चर्चा की थी, जिसमें ट्रंप ने मध्यस्थता की पेशकश भी की थी। ग्रेनेल की टिप्पणियों को पीटीआई समर्थकों के बीच उत्साह के साथ देखा गया है, खासकर अमेरिका में रहने वाले पाकिस्तानी डायस्पोरा के बीच, जो खान की रिहाई के लिए अभियान चला रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने इन टिप्पणियों को खारिज करते हुए इसे आंतरिक मामला बताया है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सीनेटर तलाल चौधरी ने कहा कि खान के खिलाफ भ्रष्टाचार और संवैधानिक उल्लंघन के आरोप हैं, और उनकी रिहाई की संभावना नहीं है। इसके अलावा, खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने भी पिछले साल अक्टूबर में खान की जेल की स्थिति की निंदा की थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनकी बिजली काट दी गई थी और उन्हें वकीलों और परिवार से मिलने से रोका गया था।

## एडिलेड में भारतीय व्यक्ति पर जानलेवा हमला, संदिग्ध नस्लवादी लोगों ने गालियां भी दीं

**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में सड़क पर



एक भारतीय युवक पर जानलेवा हमला किया गया और फिर उसे वहीं बेहोशी की हालत में मरने के लिए छोड़ दिया गया। युवक की पहचान चरणप्रीत सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ लोगो ने उनके खिलाफ नस्लीय टिप्पणियां कीं और मारपीट की।ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

चैनल 9न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले से पहले सिंह से कहा गया, यहां से भाग जा, इंडियन और फिर उस पर लगातार घूंसे बरसाए गए। घटना शनिवार रात (स्थानीय समय अनुसार) शहर के केंद्र में स्थित किंटोर एवेन्यू के पास हुई। चरणप्रीत सिंह (23 वर्षीय) अपनी कार में था, तभी कुछ लोगों का एक समूह उसके पास आया, नस्लवादी बातें करने लगे लगे और बिना किसी उकसावे के उस पर हमला कर दिया। हमले में चरणप्रीत को गंभीर चोटें आईं। उनके सिर पर गहरी चोट और चेहरे की कई हड्डियां टूटी हैं। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका रातभर उपचार चलता रहा।

साउथ ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने रविवार को एनफील्ड इलाके से एक युवक (20 वर्षीय) को गिरफ्तार किया है और उस पर हमला कर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, बाकी हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए और उनकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने आम लोगों से मदद मांगी है ताकि वह बाकी हमलावरों को पकड़ सके। इस हमले से एडिलेड में भारतीय समुदाय आक्रोश में है।

## आयरलैंड में भारतीय पर नस्लभेदी हमला और मारपीट

**डबलिन , एजेंसी।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन इलाके में 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर नस्लभेदी हमला किया गया है। घायल शख्स अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित तीन हफ्ते पहले काम की तलाश में वहां पहुंचा था। हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा। उसके चेहरे, हाथों और पैरों में गहरी चोटें आई हैं। आयरलैंड में भारतीय राजदूत ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया है। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार शनिवार शाम को टैलाट के पार्कहिल रोड पर उस पर हमला हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा, सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को टैलाट विश्वविद्यालय अस्पताल ले जाया गया। आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने सोशल मीडिया पर इस हमले पर अपनी हैरानी जताई। उन्होंने इस हिंसक हमले की आयरिश मीडिया कवरेज पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक कथित हमले से इतनी भयानक चोट और खून कैसे आ सकता है? आयरलैंड के राष्ट्रीय मीडिया आउटलेट की असंवेदनशीलता और अस्पष्टता देखकर स्तब्ध हूं। उम्मीद है कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। एक स्थानीय अखबार के अनुसार टैलाट साउथ के फाइन गेल पार्टी के पार्षद बेबी पेरेप्पाडन ने सोमवार को उस व्यक्ति से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वह अब भी सदमे में है।

# एक कमजोर पासवर्ड और चली गई 700 नौकरियां, साइबर अटैक ने बर्बाद कर दी 158 साल पुरानी कंपनी

**लंदन, एजेंसी।** एक साधारण-सा कमजोर पासवर्ड 158 साल पुरानी ब्रिटिश कंपनी के पतन का कारण बन गया। इसके चलते 700 कर्मचारियों की नौकरियां चली गईं। दरअसल डेढ़ सदी पुरानी लॉजिस्टिक्स कंपनी केएनपी को एक साइबर अटैक के चलते अपना ऑपरेशन पूरी तरह बंद करना पड़ा और लगभग 700 कर्मचारियों को नौकरी से निकालना पड़ा। यह हमला एक कमजोर पासवर्ड के जरिए हुआ, जिससे हैकरों ने कंपनी की पूरी आईटी सिस्टम को जकड़ लिया। बीबीसी की जांच में सामने आया है कि अकिरा नामक रैनसमवेयर गिरोह ने कंपनी के सिस्टम में सेंध लगाकर इसके महत्वपूर्ण डेटा को एन्क्रिप्ट कर दिया और एक भारी-भरकम राशि की फिरौती मांगी, जिसे कंपनी चुका नहीं सकी।

**आखिर क्या हुआ था?** केएनपी लॉजिस्टिक्स को पहले नाइट्स ऑफ ओल्ड के नाम से जाना जाता था। यह एक नॉर्थम्प्टनशायर आधारित परिवहन कंपनी थी, जो 1865 से संचालित हो रही थी। कंपनी के पास लगभग 500 लॉरियां थीं और यह 700 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार दे रही थी। इसके बावजूद कि कंपनी ने उद्योग मानकों के अनुरूप आईटी सिस्टम और साइबर हमले के खिलाफ बीमा लिया हुआ था फिर भी यह एक साइबर हमले का शिकार हो गई। बीबीसी की रिपोर्ट के



अनुसार, अकिरा रैनसमवेयर गिरोह ने कंपनी के सिस्टम में प्रवेश करने के लिए एक कर्मचारी के कमजोर पासवर्ड का फायदा उठाया। संभवतः हैकर्स ने इस पासवर्ड का अनुमान लगाकर कंपनी के आंतरिक नेटवर्क तक पहुंच बनाई। इसके बाद, उन्होंने कंपनी के डेटा को एन्क्रिप्ट कर दिया और महत्वपूर्ण सिस्टम को लॉक कर दिया, जिससे कंपनी का संचालन पूरी तरह ठप हो गया।

हैकर्स ने फिरौती के लिए एक नोट छोड़ा, जिसमें लिखा था, अगर आप यह पढ़ रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आपकी कंपनी का आंतरिक ढांचा पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो चुका है... आंसुओं और नाराजगी को छोड़कर आइए एक रचनात्मक संवाद बनाएं। हालांकि हैकर्स ने फिरौती की राशि स्पष्ट नहीं की, लेकिन एक विशेषज्ञ रैनसमवेयर वार्ता फर्म ने अनुमान लगाया कि यह राशि 50 लाख पाउंड (लगभग 58 करोड़ रुपये) तक हो सकती थी। केएनपी के पास इतनी बड़ी राशि नहीं थी, और अंततः सारा डेटा नष्ट हो गया, जिसके बाद कंपनी दिवालिया हो गई।

## संघीय अपील अदालत में ट्रंप के खास एमिल बोवे को आजीवन न्यायाधीश बनाने की तैयारी, विरोध में डेमोक्रेट सांसद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संघीय अपील अदालत में ट्रंप के खास माने जाने वाले न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारी एमिल बोवे को स्थायी न्यायाधीश बनाने की तैयारी हो गई है। सीनेट ने बोवे के नामांकन पर विचार करना शुरू कर दिया है। हालांकि उनके नामांकन को लेकर विरोध भी शुरू हो गया। डेमोक्रेट सांसद ने बोवे के नामांकन के विरोध में मतदान किया है। इसमें एक रिपब्लिकन सांसद भी शामिल है। डेमाक्रेट सांसदों का कहना है कि अगर बोवे न्यायाधीश बन जाते हैं तो न्यायिक प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रह जाएगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व आपराधिक बचाव वकील एमिल बोव अब न्याय विभाग में एक शीर्ष अधिकारी हैं। तीसरे अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के लिए उनके नामांकन की डेमोक्रेट्स ने कड़ी आलोचना की है। सांसदों का कहना है कि न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के खिलाफ न्याय विभाग द्वारा खारिज किए गए भ्रष्टाचार के मामले में वह सबसे आगे थे। बोवे ने एफबीआई अधिकारियों पर अवज्ञा का भी आरोप लगाया है क्योंकि उन्होंने 2021 में अमेरिकी कैपिटल पर हुए हमले की जांच करने वाले एजेंटों के नाम देने से इनकार कर दिया गया था। उनके नामांकन के बाद डेमोक्रेट सांसदों ने अतिरिक्त प्रक्रियात्मक मतदान के लिए दबाव डाला। यह सांसदों की ओर से नामांकन का विरोध करने और प्रक्रिया में देरी करने की एक कोशिश थी। इस दौरान 50-48 वोट पड़े। सीनेट के डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने बोव को ट्रंप का अब तक का सबसे खराब न्यायिक उम्मीदवार कहा। उन्होंने कहा कि बोव का पूरा करिअर एक ही बात पर आधारित है और वह है डोनाल्ड ट्रंप के प्रति निष्ठा। अलास्का की सीनेटर और रिपब्लिकन सांसद लिसा मुर्कोव्स्की ने नामांकन पर विचार करने के खिलाफ डेमोक्रेट्स के साथ मतदान किया। जबकि मेन से रिपब्लिकन सीनेटर सुसान कॉलिन्स ने आगे बढ़ने के लिए रिपब्लिकन के साथ मतदान किया। मगर उन्होंने कहा कि वह अंतिम मतदान में बोव की नियुक्ति का विरोध करेंगी। कॉलिन्स ने कहा कि हमें ऐसे न्यायाधीश चाहिए जो कानून के शासन और संविधान का पालन करें और ऐसा उनके व्यक्तिगत विचारों की परवाह किए बिना करें। बोव की राजनीतिक छवि और न्याय विभाग में उनके नेतृत्वकारी कार्यों के कारण मैं इस निष्कर्ष पर पहुंची हूं कि वे एक निष्पक्ष न्यायविद के रूप में काम नहीं कर पाएंगे। पैनल के शीर्ष डेमोक्रेट इलिनोइस सीनेटर डिक डर्बिन ने कहा कि बोव ने अपने पद का इस्तेमाल राष्ट्रपति के दुश्मनों के खिलाफ न्याय विभाग को हथियार बनाने के लिए किया है। जबकि सीनेट न्यायपालिका समिति के अध्यक्ष चक ग्रासली ने बोव का बचाव किया और कहा कि उन्हें उचित व्यवहार मिलना चाहिए। डेमोक्रेट्स ने बर्खास्त वकील की शिकायत को छिपाया था और उनके स्टाफ ने दावों की जांच की थी। बोव के नामांकन को लेकर तनाव और देरी ऐसे समय में हो रही है जब रिपब्लिकन ट्रंप के नामांकनों को जल्द से जल्द आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून पर सत्र में बने रहने और अधिक न्यायाधीशों और कार्यकारी शाखा के अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अगस्त अवकाश छोड़ने का दबाव डाला है।

## भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे ट्रंप, फिर बोले- मैंने युद्ध रुकवाया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। करीब 20 से अधिक बार ट्रंप संघर्ष विराम का दावा कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। इस संघर्ष में पांच फाइटर जेट मार गिराए गए थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष परमाणु युद्ध में बदलने वाला था। जबकि भारत बार-बार इसका खंडन कर रहा है। वहीं ट्रंप के इस दावे को कांग्रेस ने सिल्वर जुबली करार दिया है। रिपब्लिकन सीनेटरों के लिए आयोजित एक रात्रिभोज के दौरान व्हाइट हाउस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि हमने भारत और पाकिस्तान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के बीच युद्ध रोक दिए। ये गंभीर युद्ध थे। भारत और पाकिस्तान में जो चल रहा था। वहां से विमानों को मार गिराया जा रहा था। मुझे लगता है कि पांच जेट मार गिराए गए थे। मैंने उन्हें फोन किया और कहा कि सुनो, अब और व्यापार नहीं। अगर तुम ऐसा करोगे, तो तुम्हारा भला नहीं होगा। वे दोनों शक्तिशाली परमाणु संपन्न देश हैं और ऐसा होता ही और कौन जानता है कि इसका क्या नतीजा होता। मैंने इसे रोक दिया। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की पूरी परमाणु क्षमता को नष्ट कर दिया है और कोसोवो और सर्बिया के




बीच संघर्ष को भी रोक दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि हमने युद्ध नहीं रोका, लेकिन हमने वह रोका जो युद्ध में बदल सकता था। हम सदन में अमेरिका की सराहना के लिए ऐसा कर रहे हैं। ठीक है, क्या आपको लगता है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ऐसा करते? मुझे ऐसा नहीं लगता। क्या आपको लगता है कि उन्होंने कभी इनमें से किसी देश के बारे में सुना है? मुझे ऐसा नहीं लगता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी श्रेय लेने की कोशिश इससे पहले कार्यवाहक अमेरिकी प्रतिनिधि राजदूत डोरोथी शी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान विषय पर आयोजित बैठक में भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में जहां तक संभव हो अमेरिका विवादों से जुड़े पक्षों के साथ शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए काम करता रहता है।

# बलूच नेता का दावा- बुरी तरह नाकाम हुआ पाकिस्तानी सेना का शाहीन-3 मिसाइल परीक्षण

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में अपनी शाहीन-3 मिसाइल का परीक्षण किया। लेकिन यह परीक्षण में बुरी तरह नाकाम रहा। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। मिसाइल बलोचिस्तान के डेरा गाजी खान इलाके से छोड़ी गई थी, जो नागरिक इलाकों के पास जाकर गिरी। बलूच नेता मीर यार बलोच ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। बलूच विद्रोही बलूचिस्तान को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानते हैं और इस पर पाकिस्तान के कब्जे का विरोध करते हैं। बलूच नेता मीर यार बलोच ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बलूच गणराज्य पाकिस्तान के बार-बार नाकाम मिसाइल परीक्षणों की कड़ी निंदा करता है। पाकिस्तान लगातार बलूचिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन कर रहा है और आम नागरिकों की जान खतरे में डाल रहा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की कब्जा करने वाली सेना ने 22 जुलाई को बलूचिस्तान गणराज्य में एक नाकाम मिसाइल परीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मिसाइल बलूचिस्तान के डेरा गाजी खान इलाके से छोड़ी गई, जो नागरिक इलाकों के पास लूप सहरानी लेवी स्टेशन से केवल 500 मीटर उत्तर की ओर गिरी। अगर यह मिसाइल थोड़ी भी दिशा से भटक जाती, तो भारी जनहानि और संपत्ति को बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने कहा, यह कोई एकमात्र मामला नहीं है। पाकिस्तानी सेना लंबे समय से मिसाइल परीक्षण को एक बहाना बनाकर रणनीतिक क्षेत्रों से बलूच लोगों को जबरन हटाने का काम कर रही है, जिसमें डेरा बुगती, कहान और आसपास के इलाके शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने धमकियों और डराने-धमकाने की घटनाओं की जानकारी दी है, जो एक बेहद



चिंताजनक चलन (पैटर्न) की ओर इशारा करता है। जबरन विस्थापन की नीति सरकारी स्तर पर की जा रही है, ताकि संसाधनों के दोहन के लिए खुला रास्ता मिल सके। मीर यार बलोच ने कहा, हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने बलूचिस्तान का और अधिक सैन्यकरण कर दिया है। विदेशी ताकतों के साथ मिलकर इस क्षेत्र को उसने बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य आधुनिक हथियारों के परीक्षण स्थल में बदल दिया है। यह याद रखना जरूरी है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। अक्तूबर 2023 में एक और नाकाम मिसाइल परीक्षण किया गया था, जिसमें पंजाब से छोड़ी गई मिसाइल डेरा बुगती की कृषि भूमि में गिर गई थी, जो आबादी वाले इलाकों के बेहद करीब थी। उन्होंने बताया, 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने कब्जे वाले बलूचिस्तान के चगई जिले में बिना स्थानीय जनता की सहमति के छह परमाणु परीक्षण किए थे। दशकों बाद भी वह इलाका खतरनाक परमाणु विकिरण से प्रभावित है, जिससे कैंसर, पुरानी त्वचा की बीमारियां और दूसरी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं अब भी स्थानीय बलूच लोगों में देखी जा रही हैं। उन्होंने आगे लिखा, हम संयुक्त राष्ट्र, यूएन सुरक्षा परिषद और संबंधित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से अपील करते हैं कि पाकिस्तान पर हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए; उसके बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों पर सख्त प्रतिबंध लगाए जाएं; बलूचिस्तान में आम नागरिकों और संप्रभुता पर बार-बार हो रहे हमलों की जांच करवाई जाए।

# भारत-पाक मैच की संभावना, बीसीसीआई संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप की मेजबानी के लिए तैयार

**नई दिल्ली/ढाका (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में आगामी एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है और इसकी औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है। एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। ACC की बैठक के बाद यह फैसला हुआ जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया।

बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। ACC के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'BCCI UAE में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है।% यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, 'हमारे उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बैठक में शामिल हुए। वह सदस्यों को जानकारी देंगे। मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता इसलिए आपको कुछ दिनों में आधिकारिक तौर पर पता चल जाएगा।' ढाका में ACC अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया।

नकवी ने पत्रकारों से कहा, 'हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। हमने बीसीसीआई के साथ चर्चा की थी और कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हम जल्द ही सुलझा लेंगे। सभी 25 सदस्य बैठक में या तो शारीरिक रूप से या वर्चुअली शामिल हुए। हम सभी एकमत हैं।' यह भी पता चला है कि बीसीसीआई के दबाव के कारण एजेंडे के 10 मुद्दों में से केवल दो पर ही चर्चा हुई। अ




# ऋषभ इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए, अगले छह सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे



**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण करीब डेढ़ महीने के लिए खेल से बाहर हो गये है। ऋषभ ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ हो रही इस सीरीज से बाहर हो गये हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ा है। चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन ही इस बल्लेबाज को क्रिस वोक्स की एक तेज गेंद लगी थी। ऐसे में डॉक्टरों ने उन्हें तकरीब छह सप्ताह तक आराम करने कहा है। इस बल्लेबाज ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। जिसको देखते हुए टीम को उनकी कमी खलेगी। चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन ही वोक्स की गेंद पर वह चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। उन्हें दर्द ज्यादा होने के कारण एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहीं उनकी स्कैन जांच में फ्रैक्चर पाया गया। जिससे वह कम से कम 6 सप्ताह तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। वह अब मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। बीसीसीआई की एक मेडिकल टीम अभी ये संभावना तलाश रही है कि क्या उन्हें पेन किलर देकर बल्लेबाजी के लिए उतारा जा सकता है हालांकि जिस प्रकार का दर्द उन्हें हुआ। उसे देखकर ये संभव नजर नहीं आता। वह वोक्स की चौथी गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलना चाहते थे पर ये गेंद बल्ले पर नहीं आई जिससे वह सीधे उनके पैर पर लगी। वह इसके बाद काफी देर तक दर्द से कराहते हुए नजर आए। गेंद लगने के बाद पंत के पैर में सूजन आ गई और खून निकलने लगा। वह पैर पर भार तक नहीं दे पा रहे थे। वह हाल में चोट से उबरे थे। इससे पहले उन्हें उंगली में चोट लगी थी।

# विश्वकप के लिए नये सिरे से तैयारी करनी होगी : हरमनप्रीत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने कहा है कि अब उनकी टीम स्वदेश लौटने के बाद एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियां करेगी। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत से उत्साहित हरमनप्रीत ने कहा कि इससे टीम का मनोबल बढ़ा है पर हमें यहीं नहीं रुकना है क्योंकि हर बार के हालात अलग होते हैं। इसलिए विश्वकप की शुरुआत नये सिरे से करनी होगी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में एकदिवसीय के अलावा टी20 प्रारुप भी जीता है। वहीं अब भारतीय टीम 14 सितंबर से घरेलू मैदान पर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करेगी। इसके बाद 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में महिला एकदिवसीय विश्व कप खेला जाएगा। जिसमें उसका लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा।

हरमनप्रीत ने कहा, ''हर मैच और हर परिस्थिति अलग होती है। यहां परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं, पिच भी अलग थी, माहौल भी अलग था। वहीं विश्वकप के दौरान घरेलू मैदान पर हालात अलग होंगे।'' उन्होंने कहा, ''जब भी आपको जीत मिलती है तो आपकी मानसिकता सकारात्मक हो जाती है। इस तरह की चीज आपको अच्छी स्थिति में रखती हैं।''

हरमनप्रीत ने कहा, ''पर जब भी आप अगला मैच खेल रहे हों, तो आपको हमेशा पहली गेंद से ही शुरुआत करनी होती है और मुझे



लगता है कि इस सीरीरज से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ेगा लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हम आत्ममुग्ध हो जायें। जब हम स्वदेश लौटेंगे तो हमें फिर से नई शुरुआत करनी होगी।' भारतीय कप्तान ने इंग्लैंड दौरे में सफलता का श्रेय टीम वर्क को दिया। उन्होंने कहा कि हमारी टीम पिछले कई वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही थी जिसका परिणाम अब मिल रहा है।

# मैनचेस्टर में टीम इंडिया का अनोखा रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हुआ ऐसा पहली बार

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच चौथा टीम टेस्ट मैच मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। लॉर्ड्स में हार के बाद भारतीय टीम ने 3 बदलाव किए। लगातार बल्ले से संघर्ष कर रहे करुण नायर की छुट्टी हुई। उनकी जगह साई सुदर्शन को मौका दिया गया। इसके अलावा चोटिल तेज गेंदबाज आकाशदीप की जगह अंशुल कंबोज को डेब्यू का मौका मिला।

मैनचेस्टर टेस्ट में भारतीय टीम ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया। ये भारत के टेस्ट इतिहास में कभी भी नहीं हुआ। वॉशिंगटन सुंदर जैसे ही बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे, ये रिकॉर्ड भी बन गया। दरअसल, सुंदर इस पारी में भारत के लिए पांचवें बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के अपने इतिहस में पहली बार भारतीय मेंस क्रिकेट टीम प्लेइंग इलेवन में पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ टेस्ट मैच खेल रही है।




मैनचेस्टर टेस्ट में भारतीय टीम ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया। ये भारत के टेस्ट इतिहास में कभी भी नहीं हुआ। वॉशिंगटन सुंदर जैसे ही बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे, ये रिकॉ्ड भी बन गया। दरअसल, सुंदर इस पारी में भारत के लिए पांचवें बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के अपने इतिहास में पहली बार भारतीय मेंस क्रिकेट टीम प्लेइंग इलेवन में पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ टेस्ट मैच खेल रही है।

भारत की प्लेइंग 11 में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंद के रूप में 5 बाएं हाथ के बल्लेबाजखेल रहे हैं। जायसवाल ने 107 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 1 छक्का लगाया। 3 नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पारी को शतक में तब्दीलनहीं कर पाए। उन्होंने 7 चौकों की बदौलत 151 गेंदों पर 61 रन बनाए।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पहले दिन चोट के कारण रिटायर हर्ट हुए थे। हालांकि, चोट के बावजूद भी वह दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे। दूसरे दिन लंच तक पंत 39 रन और सुंदर 20 रन बनाकर नाबाद हैं। रवींद्र जडेजा लगातार 5 अर्धशतक से चूक गए। पहली पारी में उन्होंने 40 गेंदों का सामना किया और 20 रन बनाए।

# जॉन सीना को मैकइंटायर ने मुकाबले के लिए ललकारा

न्यूजर्सी। डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर जॉन सीना को स्कॉटिश पेशेवर रेसलर मैकइंटायर ने मुकाबले की चेतावनी दी है। मैकइंटायर का वास्तविक नाम एंड्रयू मैकलीन गैलोवे है। सीना को समरस्लैम 2025 में कोडी रोड्स के खिलाफ डब्यूडब्यलूई चैंपियनशिप का बचाव करना है। वहीं अब बीच में मैकइंटायर आ गये है। मैकइंटायर ने सीना का मजाक



उड़ाते हुए डब्ल्यूडब्लयूई चैंपियनशिप जीतने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सीना का अंतिम मुकाबला संन्यास से पहले गुंथर से होना था। वहीं अब मैकइंटायर ने कहा कि मैं पांच हफ्ते के लिए बाहर था। मैं वापस आया हूं। मैं उन व्यक्तिगत मुद्दों में शामिल नहीं हो रहा हूं जिनमें मैं पिछले दो सालों से शामिल था। मैं अब खिताब वापस जीतना चाहता हूं। रैंडी ऑर्टन पर जीत से मेरी शुरुआत होगी। जॉन सीना डब्ल्यूडब्लयूई के बड़े स्टार हैं। उन्होंने कई सालों तक डब्ल्यूडब्लयूई में काम किया है। उनके बहुत सारे प्रशंसक हैं। सीना का रिटायरमेंट डब्ल्यूडब्लयूई के लिए एक बड़ा नुकसान होगा। ड्रू मैकइंटायर भी डब्ल्यूडब्लयूई के बड़े स्टार हैं। उन्होंने कई चैंपियनशिप जीती हैं। मैकइंटायर चैंपियनशिप में सीना को हराने में सक्षम माने जाते हैं। वहीं सीना और रोड्स के बीच मुकाबला बहुत ही रोमांचक होने वाला है। इस मैच को देखने के लिए प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन यह मैच जीतता है।

## शार्दुल को टीम में शामिल करना सही नहीं : सिद्धू

लंदन। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किये जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि कामचलाऊ खिलाड़ी टीम को जीत नहीं दिला सकते हैं। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के चोटिल होने के बाद मैनचेस्टर टेस्ट में उनकी जगह शार्दुल ठाकुर को अंतिम ग्यारह में शामिल किया गया। सिद्धू इस प्रकार के चयन करने से नाराज दिखे। सिद्धू ने कहा, 'आठवें नंबर पर अगर शार्दुल अर्धशतक भी बना दें तब भी वह फायदेमंद नहीं रहेंगे। साथ ही कहा कि इस प्रकार के क्रिकेटर एकदिवसीय क्रिकेट में तो अच्छा कर सकते हैं पर टेस्ट क्रिकेट में आपको हमेशा विशेषज्ञों की जरूरत होती है। अगर आप गेंदबाज शार्दुल को नंबर 8 पर ला रहे हैं तब तो मैं भी कहूंगा कि सही चयन नहीं है।'

# शास्त्री के पसंदीदा पांच खिलाड़ियों में सचिन पहले नंबर पर

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री के पसंदीदा शीर्ष पांच क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, विराट कोहली और एमएस धोनी हैं। शास्त्री ने इनमें से गावस्कर और कपिल और सचिन के साथ खेला है जबकि बाकि दो के वह कोच रहे हैं। उनके अनुसार सचिन सबसे प्रभावशाली क्रिकेटर रहे हैं। शास्ती ने अपने करियर में 80 टेस्ट और 150 वनडे मैच खेले, जिसमें 3830 और 3108 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 151 और एकदिवसीय में 129 विकेट लिए। शास्त्री एक कार्यक्रम में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और एलेस्टेयर कुक के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान जब शास्त्री से भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली और महान खिलाड़ियों के नाम पूछे गए तो उन्होंने कहा कि कि। इन पांच खिलाड़ियों ने अलग-अलग तरीकों से और विभिन्न पीढ़ियों पर प्रभाव छोड़कर भारतीय क्रिकेट का चेहरा बदला। शास्त्री ने सचिन से शुरुआत की, जिन्होंने 20 से ज्यादा साल तक भारतीय फैंस की उम्मीदों का भार संभाला। वह 100 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाल एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने 34357 सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। वहीं गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट को एक नया आत्मविश्वास दिया। वह 10 हजार टेस्ट रनों का आंकड़ा हासिल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी थे। कपिल देव ने महान कप्तान और ऑलराउंडर के तौर पर भारत को 1983 का विश्व कप जिताया। वहीं विराट ने अपने आक्रामक अंदाज से कप्तान और कोच के तौर पर भारत को टेस्ट क्रिकेट में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाले कप्तान हैं। उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में कप्तानी करने के बाद 40 जीते। उन्होंने मई 2025 में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। वहीं पूर्व कप्तान धोनी ने भारत को तीन आईसीसी ट्रॉफी जिताई।



# संजय मांजरेकर ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की आलोचना की, बताई आउट होने की वजह

**मैनचेस्टर(एजेंसी)।** भारतीय टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल जो एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत के बाद वाहवाही बटोर रहे थे, अब मैदान के अंदर और बाहर दोनो जगह आलोचनाओ का सामना कर रहे है।

पहले दो टेस्ट मैचो में दो शतक और एक दोहरा शतक लगाने के बाद तीसरे टेस्ट लॉर्ड्स में गिल की कहानी ने एक नया मोड़ लिया। जहा उनके प्रदर्शन में गिरावट आई और पहली पारी में 16 रन, दूसरी पारी में 6 रन ही बना पाए। अब मैनचेस्टर में चल रहे चौथे टेस्ट मैच में भी गिल पहली पारी में कुछ खास नही कर पाए और केवल 12 रन बनाकर आउट हो गए। पूर्व भारतीय खिलाडी और क्रिकेट कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें निशाना बनाया और गिल के प्रदर्शन पर बड़ा बयान दिया।

मांजरेकर ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'गिल, जो पहले पूरी ताकत से बल्लेबाजी कर रहे थे, अचानक अनिश्चित दिखने लगे। उनके रक्षात्मक आउट होने से पता चलता है कि वह हिचकिचाहट के साथ खेल रहे हैं, न कि उस आज़ादी के साथ जो हमने एजबेस्टन में देखी थी।'

आगे मांजरेकर ने कहा, 'हालाँकि गिल अभी भी सीरीज़ में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी हालिया पारियाँ लॉर्ड्स विवाद के बाद आई मानसिक रुकावट का संकेत देती हैं। यह कोई लंबा और खराब दौर नहीं है, बल्कि एक ऐसा दौर है जहाँ मानसिक दबाव और बाहरी शोर उनके खेल में साफ़ तौर पर घुस आया है।'

गौर है कि मैनचेस्टर में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर मेहमानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहली पारी में भारत ने चार विकेट




खोकर 264 रन बनाए है। स्टंप्स के समय रवींद्र जडेजा 19* और शार्दुल ठाकुर 19* रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

# एशिया कप सात सितंबर से दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा !

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में शामिल होने के लिए तैयार होने से अब एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की राह साफ हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये टूर्नामेंट 7 सितंबर से शुरु होने की संभावना है। टी20 प्रारुप में होने वाला ये टूर्नामेंट दो शहरों में खेला जा सकता है। इसका आयोजन दुबई और अबू धाबी में किये जाने की संभावना है। टूर्नामेंट की रूप रेखा तय की जा रही है पर ये साफ हो गया है कि है इस बार 8 टीमों के साथ ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें सदस्य देशों के साथ ही एसीसी प्रीमियर कप के 3 विजेता भी रहेंगे। पूर्ण सदस्य देशों की बात करें तो इसमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी शामिल है जबकि एसीसी प्रीमियर कप के 3 विजेता यूएई, ओमान और हॉन्ग कॉन्ग थे। इस तरह कुल 8 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार 7 सितंबर से 21 सितंबर तक एशिया कप 2025 खेला जा सकता है। टी20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में होगा। पिछली बार एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन बड़े प्रारुप में हुआ था। हाइब्रिड मॉडल के तहत तब पाकिस्तान और श्रीलंका में मैच आयोजित किए गए थे।




# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, प्रणय को मिली हार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कर्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौरे के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हार कर बाहर हो गए। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना रेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-15 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। वहीं दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



# लियाम डॉसन को शामिल करने से इंग्लैंड को मजबूती मिली है : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान




मैनचेस्टर - इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल करने से मेजबान टीम को मजबूती मिली है क्योंकि वह ऑलराउंडर हैं और टीम को आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं। शोएब बशीर की चोट के कारण आठ साल के अंतराल के बाद अंतिम एकादश में शामिल किए गए 35 वर्षीय डॉसन ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल को अपनी सातवीं गेंद पर ही आउट करके अपना प्रभाव छोड़ा। वॉन ने 'टेस्ट मैच स्पेशल' पॉडकास्ट में कहा, 'वह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद कर सकता है। वह संपूर्ण पैकेज हैं जिनके टीम में रहने से इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी मजबूती मिलेगी।' डॉसन ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके इंग्लैंड की टीम में वापसी की। गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58 रन) के अर्धशतक के बाद साई सुदर्शन (61 रन) ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए फिफ्टी लगाई जिससे भारत ने बुधवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 264 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शारदुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में चोट लगने के कारण 'रिटायर्ड हर्ट' हो गए।

# 'यह समझना मुश्किल है', पूर्व क्रिकेटर ने मैनचेस्टर टेस्ट के लिए भारतीय प्लेइंग 11 पर उठाए सवाल




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुरली कार्तिक ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारतीय प्लेइंग 11 पर सवाल उठाए हैं। मेहमान टीम को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण मैनचेस्टर में कुछ जरूरी बदलाव करने पड़े थे। आकाश दीप की चोट के कारण अंशुल कंबोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया और अंततः ओल्ड ट्रैफर्ड में उन्होंने डेब्यू किया। इसके अलावा करुण नायर के खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया और साई सुदर्शन को वापस बुलाया गया।कार्तिक ने फिट होने के बावजूद प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग 11 से बाहर किए जाने पर सवाल उठाए।

पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा, %करुण नायर की जगह सुदर्शन को टीम में शामिल किया गया। आकाश दीप नहीं खेल रहे थे, और अंशुल कंबोज को पदार्पण का मौका मिला। शार्दुल ठाकुर की वापसी दिलचस्प है क्योंकि अगर हम देखें, तो प्रसिद्ध कृष्णा अभी भी दो टेस्ट मैच खेलने के लिए फिट थे और अब अचानक, वह अंतिम एकादश में फिट नहीं बैठते। अंशुल कंबोज टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उन्हें बाहर से बुलाया गया है और टीम में शामिल हर्षित राणा को खेलने का मौका नहीं दिया गया। इसलिए यह समझना मुश्किल है कि इससे क्या संदेश जाता है।'

गौर हो कि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58 रन) के अर्धशतक के बाद साई सुदर्शन (61 रन) ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए फिफ्टी लगाई जिससे भारत ने बुधवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 264 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शारदुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में चोट लगने के कारण 'रिटायर्ड हर्ट% हो गए।




इंडोनेशिया में इंटरनेशनल ऑटो शो (जीआईआईएएस) में लोग चीनी वाहन कंपनी बीएआईसी के नये ब्रांड को देखते हुए। जीआईआईएएस अगले माह 3 अगस्त तक लोगों के लिए खुला रहेगा।

# इन्फोसिस के मजबूत तिमाही नतीजे के बाद शेयर में तेजी

नई दिल्ली ।

देश की प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस लिमिटेड के शेयर गुरुवार को बाजार खुलते ही लगभग 0.5 फीसदी चढ़कर कारोबार करते नजर आए। यह तेजी कंपनी के अप्रैल-जून तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद देखने को मिली है। कंपनी का मुनाफा 6,921 करोड़ रहा, जो साल-दर-साल आधार पर 8.7 फीसदी अधिक है। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में मुनाफे में 1.6 फीसदी की हल्की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की कुल आय बढ़कर 42,279 करोड़ हो गई, जिसमें 7.5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई है। ब्रोकरेज कंपनियों ने इन नतीजों के बाद इन्फोसिस के शेयर पर अपनी राय साझा की है। अधिकतर ब्रोकरेज फर्मों ने बाय की रेटिंग बरकरार रखते हुए शेयर में आगे तेजी की संभावना जताई है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने इन्फोसिस का टारगेट प्राइस 1,700 से बढ़ाकर 1,850 कर दिया है, जो वर्तमान भाव 1,570 के मुकाबले करीब 18 फीसदी का अपसाइड दर्शाता है। ब्रोकरेज का मानना है कि कंपनी ने मजबूत नतीजे दिए हैं और स्थिर मुद्रा में रेवेन्यू अनुमान से बेहतर रहा है। नुवामा ने यह भी कहा कि भले ही निकट भविष्य में मांग कमजोर रह सकती है, लेकिन मध्यम से दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक है। जैसे ही वैश्विक आर्थिक स्थिति सुधरेगी, आईटी पर खर्च बढ़ेगा, जिससे इन्फोसिस को फायदा होगा। इस सकारात्मक आउटलुक के चलते निवेशकों के लिए इन्फोसिस में निवेश का यह उपयुक्त समय माना जा रहा है।




# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत बनी भारतीय अर्थव्यवस्था: आरबीआई रिपोर्ट

- भारत के पास वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अपनी भागीदारी बढ़ाने का सुनहरा अवसर

नई दिल्ली ।




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक व्यापार और टैरिफ को लेकर जारी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल्स के चलते स्थिर बनी हुई है। आरबीआई के बुलेटिन में प्रकाशित स्टेट ऑफ द इकोनॉमी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में मुद्रास्फीति में कमी, खरीफ सीज़न की अच्छी संभावनाएं, सरकारी खर्च में तेजी, और अनुकूल वित्तीय स्थितियां आगे चलकर समग्र मांग को समर्थन देंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-आर्थिक विखंडन और व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पास वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अपनी भागीदारी बढ़ाने का सुनहरा अवसर है। साथ ही ढांचागत निवेश और उत्पादकता बढ़ाने वाले संरचनात्मक सुधार भविष्य में विकास को मजबूती प्रदान करेंगे। इस बीच मॉर्गन स्टेनली ने अनुमान जताया है कि भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का अनुमान है कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी रहेगी। मुद्रास्फीति भी आरबीआई के अनुमानित लक्ष्य के भीतर रहने की संभावना है। हालांकि आरबीआई ने चेतावनी दी है कि 1 अगस्त 2025 से लागू होने वाली नई आयात शुल्क दरों को लेकर वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं अभी भी अस्थिर हैं, जिससे वैश्विक आर्थिक संभावनाओं पर असर पड़ सकता है।

# एन. चंद्रशेखरन को वित्त वर्ष 25 में 155.81 करोड़ का पारिश्रमिक मिला




नई दिल्ली ।

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को वित्त वर्ष 2025 में कुल 155.81 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक मिला, जो उन्हें देश के सबसे अधिक वेतन पाने वाले कॉरपोरेट लीडर्स में शामिल करता है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 फीसदी अधिक है। टाटा संस की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार` वित्त वर्ष 25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 24.3 फीसदी घटकर 26,232 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 34,654 करोड़ रुपये था। चंद्रशेखरन को वेतन और अन्य भत्तों के रूप में 15.1 करोड़ रुपये मिले, जबकि शेष 140.7 करोड़ रुपये लाभ आधारित कमीशन के रूप में दिए गए। यह कमीशन कंपनी के शुद्ध लाभ का 0.6 फीसदी रहा, जबकि` वित्त वर्ष 24 में यह 0.4 फीसदी था। टाटा संस के कार्यकारी निदेशक सौरभ अग्रवाल का कुल पारिश्रमिक` वित्त वर्ष 25 में 7.7 फीसदी बढ़कर 32.7 करोड़ रुपये हो गया। सेवानिवृत्त चेयरमैन रतन टाटा के निधन के बाद बोर्ड में शामिल हुए नोएल टाटा को 1.42 करोड़ रुपये का लाभ आधारित कमीशन मिला। इसके अलावा मार्च 2025 में सेवानिवृत्त लियो पुरी को 3.13 करोड़ रुपये और अगस्त 2024 में सेवानिवृत्त भास्कर भट्ट को 1.33 करोड़ रुपये का कमीशन दिया गया। टाटा ट्रस्ट के निदेशक वेणु श्रीनिवासन ने लाभ पर कमीशन लेने से मना कर दिया। हालांकि टाटा संस का मुनाफा घटा है, कंपनी के शीर्ष अधिकारियों को मिला पारिश्रमिक इस बात को दर्शाता है कि कंपनी नेतृत्व को प्रदर्शन के अनुसार पुरस्कृत करना जारी रखती है।

# भारत का स्मार्टफोन बाजार अप्रैल-जून 2025 में 7 फीसदी बढ़ा

- इन्वेंट्री की चुनौतियों में कमी और विक्रेताओं की फिर से सक्रियता से आई तेजी

नई दिल्ली ।

भारत का स्मार्टफोन बाजार अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 3.9 करोड़ यूनिट्स तक पहुंच गया है। इस तेजी के पीछे मुख्य कारण इन्वेंट्री की चुनौतियों में कमी और विक्रेताओं की फिर से सक्रियता है। पहली तिमाही में इन्वेंट्री के उच्च स्तर के कारण नए स्मार्टफोन लॉन्च में देरी हुई थी, जबकि दूसरी तिमाही में कई नए मॉडल लॉन्च होने से बिक्री में वृद्धि हुई।

कैनालिस की रिपोर्ट के अनुसार इस तिमाही में वीवो (आईक्यूओओ को छोड़कर) ने सबसे अधिक शिपमेंट की, जो 81 लाख यूनिट्स के साथ 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर काबिज रहा। इसके बाद सैमसंग 62 लाख यूनिट्स और 16 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) और श्याओमी दोनों ने लगभग 50 लाख यूनिट्स की शिपिंग की जबकि रियलमी 36 लाख यूनिट्स के साथ शीर्ष पांच में शामिल हुआ। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। एक विश्लेषक के अनुसार प्रीमियम ब्रांड और डिजाइन-आधारित कंपनियां अपनी रणनीतियों में सुधार कर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं। एप्पल ने इस तिमाही में छठा स्थान हासिल किया है।

# एप्पल का भारत में पहली छमाही में आईफोन शिपमेंट 36 फीसदी बढ़ा

**मुंबई** । टेक दिग्गज एप्पल ने 2025 की पहली छमाही में भारत में अपने आईफोन शिपमेंट में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह जानकारी हाल ही में एक रिपोर्ट में सामने आई है। कंपनी ने अपने आईपैड सेगमेंट में भी 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो देश में एप्पल के लेटेस्ट-जनरेशन डिवाइस की बढ़ती मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, आईफोन 16 सीरीज इस अवधि में सबसे लोकप्रिय रही, जिसने आईफोन बाजार हिस्सेदारी का 62 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। इसके बाद आईफोन 15 सीरीज 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा, आईफोन 16ई और आईफोन 14 सीरीज ने भी कंपनी की बिक्री में योगदान दिया, जिनकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत रही। आईपैड टैबलेट सेगमेंट में आईपैड 11 सीरीज ने 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बढ़त बनाई, जबकि आईपैड ईयर 2025 सीरीज 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं, आईपैड प्रो 2024, आईपैड एयर 2024 और आईपैड 10 सीरीज जैसे पुराने मॉडल की हिस्सेदारी में कमी देखी गई।




# बीकाजी फूड्स का पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 58.52 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली** । एथनिक स्नैक्स और मिठाइयों के क्षेत्र में प्रमुख बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 58.52 करोड़ का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 57.77 करोड़ रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस अवधि के दौरान उसकी परिचालन आय 14.86 प्रतिशत बढ़कर 637.05 करोड़ हो गई, जो कि एक साल पहले 554.59 करोड़ थी। वहीं, कंपनी की कुल आय, जिसमें अन्य आय भी शामिल है, 14.52 प्रतिशत बढ़कर 662.66 करोड़ रही। हालांकि, बीकाजी के कुल खर्च में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 584.09 करोड़ पर पहुंच गया। इससे शुद्ध लाभ में तेज बढ़ोतरी नहीं हो पाई, लेकिन कंपनी ने लागत में बढ़ोतरी के बावजूद लाभ में स्थिरता बनाए रखी। उद्योग क्षेत्र की बात करें तो कंपनी की 'एथनिक स्नैक्स' श्रेणी से आय में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इसके कुल कारोबार में 75.3 प्रतिशत का योगदान करती है। वहीं, 'पैकेज्ड स्वीट्स' श्रेणी की आय 3.1 प्रतिशत बढ़ी। बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल भारत की तीसरी सबसे बड़ी एथनिक स्नैक्स निर्माता कंपनी है। यह भारतीय पारंपरिक नमकीन और मिठाइयों के उत्पादन और वितरण में विशेषज्ञता रखती है।

# अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत और चीन में निवेश के दिन लद गए ट्रंप



न्यूयॉर्क ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को विदेशों में कारोबार फैलाने को लेकर सख्त चेतावनी दी है। एआई (कृत्रिम मेधा) शिखर सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ऐसी कंपनियों के लिए भारत और चीन जैसे देशों में फैक्ट्री लगाना और नौकरियां भेजना अब स्वीकार्य नहीं होगा। ट्रंप ने खासतौर पर उन कंपनियों की आलोचना की जो चीन में कारखाने लगाती हैं, भारत में लोगों को नौकरी देती हैं और टैक्स बचाने के लिए आयरलैंड का सहारा लेती हैं। उन्होंने कहा कि यह नीतियां अमेरिकी श्रमिकों के साथ धोखा हैं और इससे देश को नुकसान हुआ है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिकी टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री लंबे समय से कट्टरपंथी वैश्वीकरण के रास्ते पर चल रही है, जिससे लाखों अमेरिकी ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि टेक कंपनियां अमेरिका के प्रति अपनी निष्ठा दिखाएं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरापट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी कंपनी टेक महिन्द्र के शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 542 अंकों की गिरावट के साथ ही 82,184.17 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 158.80 अंक की गिरावट के साथ ही 25,062.10 पर बंद हुआ।

आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर इटरनल (जोमेटो) , डॉ रेड्डीज़ लैब्स, टाटा मोटर्स, टाटा कंज्यूमर, सिप्ला के शेयर सबसे अधिक लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। वहीं ट्रेंट, नेस्ले, श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। आज पीएसयू बैंक और फार्मा के अलावा अन्या सभी सूचकांक गिरे हैं। वहीं बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.4 फीसदी टूटा।




बाजार में गिरावट का एक अन्य कारण कंपनी के पहली तिमाही के कमजोर परिणाम भी रहे। वहीं अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता जारी रहने से भी बाजार पर दबाव आया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में अब तक 26,395 करोड़ रुपये मूल्य के भारतीय शेयर बेचे हैं। उससे भी बाजार कमजोर हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सेंसेक्स गुरुवार को मामूली बढ़त के साथ 82,779 पर खुला। हालांकि, खुलते ही यह लाल निशान में फिसल गया। इसी तरह निफ्टी-50 भी 25,243 अंक के सपाट लेवल पर खुला। वहीं एशिया-पैसिफिक मार्केट्स में तेजी देखी जा रही है। अमेरिका और जापान के बीच ट्रेड डील को लेकर बनी सहमति और यूरोपियन यूनियन के साथ बातचीत में सकारात्मक संकेतों से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। जापान का टॉपिक्स इंडेक्स 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया, जबकि निक्केई 1.09 फीसदी ऊपर रहा। कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.6 फीसदी चढ़ा है और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 फ्लैट ट्रेड कर रहा है। वहीं अमेरिकी बाजारों में भी जबरदस्त तेजी रही। एसएंडपी 500 लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ और 6,358.91 के स्तर पर पहुंच गया। डाओ जोंस 507.85 पॉइंट की छलांग लगाकर 45,010.29 पर बंद हुआ। नेस्डेक ने भी पहली बार 21,000 का स्तर पार किया और 21,020.02 पर बंद हुआ।

# एनएसई ने रिटेल एल्गो ट्रेडिंग के लिए नए रजिस्ट्रेशन नियम जारी किए

**मुंबई** । एनएसई ने रिटेल एल्गो ट्रेडिंग स्ट्रेटेजी के रजिस्ट्रेशन के लिए नए नियम लागू करने की घोषणा की है। 1 अगस्त से सभी एल्गो ट्रेडिंग स्ट्रेटेजी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, और हर स्ट्रेटेजी को एक यूनिक आइडेंटिफिकेशन दिया जाएगा। इसके तहत, ट्रेडिंग मेंबर्स या एल्गो प्रोवाइडर्स को अपनी स्ट्रेटेजी एक्सचेंज के पास रजिस्टर करनी होगी। एनएसई ने 'क्लाइंट डायरेक्ट के जरिए रिटेल इनवेस्टर्स को एल्गो ट्रेडिंग की सुविधा देने का प्रावधान किया है। ट्रेडिंग मेंबर्स को ऑर्डर लिमिट जांचने और एल्गो आईडी टैग करने वाले सिस्टम का इस्तेमाल करना होगा। ब्रोकर्स जिम्मेदार होंगे कि केवल योग्य क्लाइंट्स को ही एल्गो ट्रेडिंग की अनुमति मिले। एनएसई अपनी वेबसाइट पर रजिस्टर्ड एल्गो प्रोवाइडर्स की सूची अपडेट रखेगा। ये नए नियम रिटेल इनवेस्टर्स के लिए पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं।

# तिलकनगर इंडस्ट्रीज ने खरीदी इंपीरियल ब्लू व्हिस्की




**मुंबई** । तिलकनगर इंडस्ट्रीज ने फ्रेंच कंपनी पर्नोड रिकार्ड की भारतीय इकाई से इंपीरियल ब्लू व्हिस्की डिविजन को 4,150 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए डिफिनिटिव एग्रीमेंट किया है। यह डील कॉम्पीटीशन कमीशन आफ इंडिया (सीसीआई) की मंजूरी के बाद पूरी होगी। तिलकनगर पहले से ही मेनसन हाउस ब्रांडी का निर्माण करती है, जो भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड है। इस अधिग्रहण से कंपनी आइएमएफएल के व्हिस्की सेगमेंट में भी प्रवेश कर जाएगी और दोनों प्रमुख कैटेगरी में मजबूत खिलाड़ी बन जाएगी। तिलकनगर का कहना है कि इससे उसका प्रीमियम पोर्टफोलियो और वितरण नेटवर्क मजबूत होगा। पर्नोड रिकार्ड ने इस डील को अपने पोर्टफोलियो रीस्ट्रक्चरिंग का अहम हिस्सा बताया है, जिससे वे भारत में प्रीमियम ब्रांड्स पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और ऑपरेटिंग मार्जिन बढ़ा सकेंगे। यह कदम भारत के तेजी से बढ़ते आईएमएफएल बाजार में बड़ा बदलाव लाएगा।

# सार्वजनिक बैंकों का एनपीए घटा, भाजपा नेता ने मोदी सरकार की नीतियों को सराहा

- देश को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रही है मोदीनॉमिक्स

मुंबई ।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले चार वर्षों में 9.11 प्रतिशत से घटकर 2.58 प्रतिशत तक कमी आई है। भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने इस उपलब्धि को मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की सफलता बताया और कहा कि मोदीनॉमिक्स देश को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रही है। उन्होंने एक अखबार को` दिए एक साक्षात्कार में कहा कि यूपीए शासन के दौरान बैंकिंग प्रणाली में व्यापक भ्रष्टाचार था, जिससे एनपीए का स्तर उच्च था। मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंका है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में भारी कमी देखी जा रही है। गौरव वल्लभ ने कहा कि आज भारत उच्च विकास दर, निम्न मुद्रास्फीति और कम एनपीए के तीन स्तंभों पर मजबूत स्थिति में है। उन्होंने विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर में एनपीए की कमी को भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती बताया। राजनीतिक विषय पर गौरव वल्लभ ने राहुल गांधी के मतदाता सूची को लेकर उठाए गए सवालों की कड़ी आलोचना की। उनका कहना था कि राहुल गांधी को देश की जनता वोट नहीं देती, और वह अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग का सम्मान करना जरूरी है, क्योंकि यह संविधान की प्रक्रिया है। राहुल गांधी पर बिहार के युवाओं के अधिकारों को बांग्लादेशी घुसपैठियों को देने का आरोप भी लगाया गया। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर गौरव वल्लभ ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है और इसे सम्मान देना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले धनखड़ की आलोचना करते थे, आज वे सवाल उठा रहे हैं।





# आदित्य इन्फोटेक का 1,300 करोड़ रुपये का आईपीओ 29 जुलाई से खुलेगा

नई दिल्ली ।




वीडियो सुरक्षा उत्पादों के लिए प्रसिद्ध 'सीपी प्लस' ब्रांड की मूल कंपनी आदित्य इन्फोटेक अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला रही है। कंपनी का लक्ष्य इससे 1,300 करोड़ रुपये जुटाने का है। आईपीओ का प्राइस बैंड 640 से 675 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह निर्गम 29 जुलाई को खुलेगा और 31 जुलाई को बंद होगा। आईपीओ में 500 करोड़ के नए शेयर और 800 करोड़ की बिक्री पेशकश शामिल है। जुटाई गई राशि में से 375 करोड़ कर्ज चुकाने में और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों में खर्च किए जाएंगे। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईआईएफएल सिक्योरिटीज इस निर्गम के प्रमुख प्रबंधक हैं। कंपनी के शेयर 5 अगस्त 2025 को स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हो सकते हैं। यह निर्गम निवेशकों के लिए सुरक्षा तकनीक क्षेत्र में हिस्सेदारी का एक अच्छा अवसर हो सकता है।



# पंकज त्रिपाठी ने बताया फिल्मों के न चलने का कारण

अभिनेता पंकज त्रिपाठी की गिनती इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों में होती है। हाल ही में आई अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' में एक बार फिर उन्होंने अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 'मेट्रो इन दिनों' अच्छे रिव्यू के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के लिए महंगे टिकट प्राइस को जिम्मेदार ठहराया है।

### महंगे टिकट हैं एक बाधा

बातचीत में पंकज त्रिपाठी ने दर्शकों के सिनेमाघरों में न पहुंचने पर प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने कहा कि इस मामले में टिकट की कीमतें एक मुद्दा हैं और उसकी भी एक भूमिका है। अगर आज किसी परिवार को थिएटर जाना पड़े, तो यह बहुत महंगा सौदा है। टिकट की कीमतें और वहां परोसा जाने वाला खाना बहुत महंगा है। हालांकि, ये बिजनेस का खेल मेरी समझ से बाहर है। लेकिन हां, मुझे लगता है कि फिल्म के टिकट बहुत महंगे हैं और यह निश्चित रूप से एक बाधा है।

### मंगलवार और नेशनल सिनेमा डे पर बढ़ जाती है दर्शकों की संख्या

पंकज त्रिपाठी ने आगे कहा कि सिर्फ मंगलवार या नेशनल सिनेमा डे पर जब टिकट की कीमतें कम होती हैं, तो सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए अगर टिकट की कीमतें सही होंगी, तो दर्शकों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। एक परिवार के लिए 2 हजार रुपए खर्च करके और पांच घंटे का समय निकालना, जिसमें आना-जाना भी शामिल है। ये आसान बात नहीं है। 2 हजार कोई बहुत छोटी रकम नहीं है।

### 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे पंकज

वर्क फ्रंट की बात करें तो पंकज त्रिपाठी हाल ही में 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे। फिल्म में उनके काम की तारीफ भी हुई थी। इसके अलावा वो अपनी पॉपुलर वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4' में एक बार फिर वकील माधव मिश्रा के किरदार में दिखे थे। दोनों ही कामों की तारीफ हुई थी। अभिनेता इन दिनों अपनी फैमिली एंटरटेनर फिल्म 'पारिवारिक मनुरंजन' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में वो अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ नजर आएंगे।



# सपने जैसा है बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना


**अभिनेत्री फातिमा सना शेख की दो फिल्में मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई हाल ही में रिलीज हुई। सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट कर सना ने कहा कि बड़े पोस्टर्स और सिनेमाघरों के पर्दे पर खुद को देखना अभी भी सपने जैसा लगता है। फातिमा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए इसे लव लेटर करार दिया। फातिमा ने कैप्शन में लिखा, कभी नहीं सोचा था कि मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई एक साथ रिलीज होंगी और दोनों को इतना प्यार मिलेगा।**

उन्होंने दर्शकों से मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया और कहा, मैं अभिभूत हूं, आभारी हूं, और अभी भी इस खुशी को आत्मसात कर रही हूं। बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना सपने जैसा है। उन्होंने निर्देशक अनुराग बसु और विवेक सोनी को धन्यवाद देते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें चुनौती दी, मार्गदर्शन किया और उनके दिल को प्यार से भर दिया। फातिमा ने लिखा, आपके प्यार, इस खूबसूरत सफर और मुझे सही मायनों में समझने के लिए शुक्रिया। मेट्रो इन दिनों आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है, जिसमें प्रेम, दिल टूटने और मानवीय रिश्तों की कहानियां हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई अनुराग बसु की लाइफ इन अ... मेट्रो की सीक्वल है, जो शादी, प्रेम और रिश्तों जैसे विषयों को छूती है। वहीं, आप जैसा कोई में फातिमा के साथ अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता इस फिल्म में एक साधारण संस्कृत प्रोफेसर श्रीरेनु त्रिपाठी के किरदार में हैं, जबकि फातिमा एक फ्रेंच शिक्षिका मधु बोस की भूमिका में हैं।

# विवियन डीसेना के साथ टीवी पर कमबैक करेंगी दीपिका कक्कड़?

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस और फैंस की जान दीपिका कक्कड़ इन दिनों निजी जिंदगी में दर्द से गुजर रही हैं। स्टेज 2 लिवर कैंसर से लड़ रहीं दीपिका ने जहां सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के बाद टीवी से ब्रेक ले लिया था, वहीं अब खबर है कि वह छोटे पर्दे पर कमबैक कर सकती हैं। यही नहीं, खास खबर ये है कि ससुराल सिमर का और कहां हम कहां तुम फेम एक्ट्रेस इस बार विवियन डीसेना के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही एक इंस्टाग्राम लाइव के दौरान, दीपिका ने काम पर वापस लौटने के बारे में खुलासा किया था। वह एक फैन के सवाल का जवाब दे रही थीं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने डॉक्टर से भी पूछा था कि वह टेलीविजन पर कब वापसी कर सकती हैं। दीपिका ने बताया कि वह कमबैक का प्लान बना रही हैं। वह चाहती हैं कि जब उनका बेटा रुहान स्तनपान बंद कर देगा, तब वह वापसी करेंगी। दीपिका ने यह भी बताया कि वह पर्दे पर लौटने से पहले अपनी फिटनेस पर काम करेंगी। हालांकि, फिलहाल, कैंसर का पता चलने से उनकी प्लानिंग में सबकुछ बदल गया है।

### विवियन डीसेना को भी किया संपर्क!



इस बीच, खबरें ये भी हैं कि रवि दुबे और सरगुन मेहता के प्रोडक्शन हाउस ने दीपिका कक्कड़ से एक नए शो के लिए संपर्क किया है। दिलचस्प बात यह है कि मधुबाला – एक इश्क एक जुनून और बिग बॉस फेम विवियन डीसेना को भी इस शो के लिए अप्रोच किया गया है। यानी अगर सब ठीक रहा तो दीपिका और विवियन की जोड़ी एक नए टीवी सीरियल में नजर आएगी।



# पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह में नजर आएंगी राशि खन्ना

पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म उस्ताद भगत सिंह में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन अब ताजा जानकारी के अनुसार, फिल्म में श्रीलीला के अलावा भी एक और साउथ एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है।

### उस्ताद भगत सिंह में हुई एक और साउथ अभिनेत्री की एंट्री

पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। निर्माता इस महीने के आखिर तक पवन कल्याण के हिस्से की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। साथ ही, उनके जन्मदिन पर एक खास टीजर भी रिलीज करने की योजना है। श्रीलीला इस एक्शन ड्रामा में मुख्य अभिनेत्री हैं। स्क्रिप्ट में एक और नायिका की जगह है। एक खबर के मुताबिक, राशि खन्ना दूसरी मुख्य नायिका हो सकती हैं। राशि पहले साई धर्म तेज और वरुण तेज के साथ मेगा कैंप की सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रशंसक इस खबर से उत्साहित हैं, हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

फिल्म उस्ताद भगत सिंह में पवन कल्याण और श्रीलीला के अलावा आशुतोष राणा, गौतमी, नागा महेश, टेम्पर वामसी और केजीएफ फेम अविनाश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। फिल्म का शानदार संगीत देवी श्री प्रसाद दे रहे हैं। इस फिल्म के अलावा पवन कल्याण फिल्म हरि हर वीर मल्लु में नजर आएंगे। यह एक एतिहासिक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म को कृष जगरलामुदी और ए.एम. ज्योति कृष्णा ने लिखा और निर्देशित किया है। यह एक महान डाकू के ऊपर आधरित है। इस फ़िल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नोरा फतेही और विक्रमजीत विर्क ने मुख्य भूमिका निभाई हैं।





# हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हुए विद्युत जामवाल

**अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है।**

### विद्युत की हॉलीवुड में एंट्री

डेडलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विद्युत इस हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए विद्युत हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है। जो योग और मार्शल आर्ट्स में माहिर है। इसे पहली बार 1991 में 'स्ट्रीट फाइटर II' में दिखाया गया था। धालसिम केवल अपने परिवार की रक्षा और समर्थन के लिए लड़ता है।

### किताओ सकुराई ने किया है फिल्म का निर्देशन

'स्ट्रीट फाइटर' का निर्देशन किताओ सकुराई ने किया है, जिन्हें 'बैड ट्रिप' और 'आर्डवार्क' के लिए जाना जाता है। इसमें डेविड डस्टमालचियन भी एक विलेन की भूमिका में हैं, उनके साथ एंड्रयू कोजी, नोआ सेंटीनो, जेसन मोमोआ, रोमन रेंस, ऑरविल पेक और एंड्रयू शुल्ज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह वीडियो गेम सीरीज आधिकारिक तौर पर 1987 में शुरू की गई थी और यह एम. बाइसन द्वारा एक वर्ल्ड फाइटिंग टूर्नामेंट के रूप में आयोजित मार्शल आर्ट कलाकारों के ग्रुप्स के बीच आमने-सामने की जबरदस्त लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती थी। इसके साथ ही विद्युत जामवाल भी आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, तब्बू और इरफान खान समेत उन बॉलीवुड कलाकारों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जो हॉलीवुड की फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



# तलाक और सेपरेशन का दौर मुश्किल था, मगर बीत गया

महज 17 साल की उम्र में याद रखेगी दुनिया से अपने करियर का आगाज करने वाली अभिनेत्री रुखसार रहमान के करियर में एक ब्रेक जरूर आया, मगर अभिनय की दूसरी पारी में उन्होंने डी, गॉड तुस्सी ग्रेट हो, सरकार, पीके, उरी, 83 जैसी कई फिल्मों में काम किया। एक डिवोर्स और एक सेपरेशन से गुजर चुकीं रुखसार अभिनेत्री आयशा अहमद की सिंगल पैरेंट हैं। जल्द ही उन्हें चैट शो द वेदाज़ स्पीक अवर स्प्रिचुअल में बतौर होस्ट देखा जा सकेगा।

**आपका एक डिवोर्स और फिर दूसरा सेपरेशन, इन दोनों रिश्तों के समय आपने अपनी जिंदगी को कैसे हैंडल किया?**

जब आप किसी रिश्ते में होते हैं, तो उससे आपको इमोशनल जुड़ाव तो होता ही है। जाहिर-सी बात है आप इमोशनली तो टूट ही जाते हैं, वो मेरे साथ भी हुआ। लेकिन ऊपर वाले का शुक्र है कि मेरे साथ मेरी बेटी आयशा (उनकी अभिनेत्री बेटी आयशा अहमद) और उसके दोस्त थे। मेरे अपने दोस्तों और परिवार ने बहुत हिम्मत दी। फिर वक्त एक ऐसा मरहम है, जो हर जख्म को भर देता है। ये बात अलग है कि कभी -कभी बहुत तकलीफ होती है, हर चीज की, मगर हम जीना नहीं छोड़ते। निजी जिंदगी में वो दौर मुश्किल था, मगर मैं सोचती हूं कुछ भी हमेशा एक जैसा नहीं रहता। उसी सोच ने आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

**बेटी आयशा के साथ सोशल मीडिया पर आपके पोस्ट काफी वायरल होते रहते हैं, एक सिंगल पैरेंट होना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण है?**

हम लोग तो सोशल मीडिया पर क्या ही करते रहते हैं। हम लोगों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी है। मुझे अपनी बेटी पर गर्व है, जो कुछ आज वो बन पाई है। वो बहुत ही प्यारी बेटी है। मैं भी काफी अमेजिंग मां हूं। वो मुझे सोशल मीडिया पर फैशन के अलग-अलग ट्रेंड के बारे में बताती रहती कि ये पैंट्स या मेकअप इन है। ये पहनो, ये मत पहनो। एक सिंगल पैरेंट होना मेरे लिए जरा भी मुश्किल नहीं है, क्योंकि एक पॉइंट के बाद आपको आदत पड़ जाती है। हां तकलीफ तब होती थी, जब मैं शूट करती होती और वो बीमार हो जाया करती थी। तब मैं बहुत बेचैन हो जाती थी। उससे मिलने जाती थी।

**क्या ये सच है कि मात्र 15 साल की उम्र में आप सनम बेवफा में सलमान खान की हीरोइन बनने वाली थीं? मगर निर्देशक के साथ स्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट के कारण आपने फिल्म छोड़ी?**

ये बहुत पुरानी बात हो गई है, मगर ये सच है कि वो कॉन्ट्रैक्ट कुछ अलग ही था। हालांकि अब तो वो लोग रहे भी नहीं। पर उसमें कुछ ऐसे क्लॉज थे, जो मेरे पैरेंट्स को नागवार थे और उन्होने उस पर साइन नहीं किया था। मैं तो माइनर थी उस वक्त, तो मेरे पैरेंट्स ही मेरा काम देखते थे। मेरे पिता आईएएस अफसर थे, तो उन्हें समझ थी कि इसका मुझ पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। उस फिल्म में जब दूसरी अभिनत्री चांदनी को लिया गया।

**आपको लगता है कि सलमान खान के साथ आपने अपना फ़िल्मी सफर शुरू किया होता, आज आपका करियर कुछ और होता?**

ये तो वही बात हुई, यों होता, तो क्या होता? मगर मैं मानती हूं कि आज मेरे पास जो कुछ भी है, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत अच्छा है। मुझे किसी चीज का मलाल नहीं। सालों बाद जब मैंने सलमान के साथ गॉड तुसी ग्रेट हो, में काम किया, तो बहुत मजा आया। वो बहुत अच्छे से मिले। वो बहुत रिस्पेक्ट देते हैं। उनके साथ काम करना यादगार रहा।

**आप स्पिरिचुअल चैट शो की तरफ क्यों आकर्षित हुईं?**

मुझे लगता है अध्यात्म की ओर मेरा हमेशा से झुकाव रहा है। असल में अध्यात्म तो हमारा मूल है। यही वजह है कि जब मेरे निर्माता आजिंक्य इस चैट शो द वेदाज़ स्पीक अवर स्प्रिचुअल का प्रस्ताव मेरे पास लेकर आए तो मुझे ये बहुत जंचा। इसमें वेदों की आध्यात्मिकता को आज के दौर से जोड़ा जाएगा। आज जब हर चीज को ग्रांटेड लेने लगे हैं, तो ऐसे में हम ग्रैटिट्यूड देना भूल गए हैं। यह चैट शो अध्यात्म के कई पहलुओं पर बात करेगा। स्पिरिचुअलिज्म ने मुझे न केवल मजबूत बनाया बल्कि मेरे अंदर सुकून भी दिया।

**आप अन्नू कपूर के साथ उत्तर दा पुत्तर के अलावा राज कुमार संतोषी जैसे निर्देशक के साथ भी फिल्में कर रही हैं, उनके साथ आपका अनुभव कैसा रहा?**

अन्नू कपूर के साथ काम करना बहुत ही मजेदार रहा। वे बहुत ही शानदार एक्टर हैं। उनका दिमाग बहुत तेज है।सेट पर मेरे सीन्स खत्म हो जाने के बावजूद मैं शूटिंग पर मौजूद रहती थी, ताकि उन्हें ऑब्जर्व कर सकूं। उनके पास अपने अपने क्राफ्ट का गहरा अनुभव है, तो जब आप उन जैसे सीनियर एक्टर के साथ काम करते हैं, तो आपको बहुत कुछ सीखने मिलता है। राजकुमार संतोषी जी के साथ मैं जो फिल्म कर रही हूं, उसके बारे में ज्यादा बता नहीं सकती। मगर बहुत गर्व हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in